हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री


12 दीपक नगर सेजस में बनेंगे स्मार्ट क्लास एनुअल डे में मंत्री गजेन्द्र ने की घोषणा





13 एसआईआर के सत्यापन के लिए डुंडेरा में शिविर लगाने की मांग






## खबर संक्षेप

### म्यूल खातों से 10 लाख की ठगी, 16 गिरफ्तार

**भिलाई।** बैंक खाते को किराए पर देने वाले 16 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने 10 लाख से अधिक का ठगी कर बैंक खातों में रकम पहुंचा। 3 नवंबर 2025 को भारत सरकार एवं गृह मंत्रालय द्वारा संचालित के समन्वय पोर्टल से पुलि को सूचना मिली। यहां के कई बैंक खातों का उपयोग साइबर अपराध से धनराशि के लिए ट्रांजेक्शन किया जा रहा है। खातों से कुल 10.67 लाख 665 रुपए की ठगी की गई है। पतासाजी कर पुलिस ने नेहरू नगर, कोहका वरुण यादव, कचना रोड उतई रितेश सोनी, वैशाली नगर निखिल खत्री, आजाद चौक, सुपेला मनीष साहू, शक्ति नगर, सुपेला राहुल यादव, वार्ड 1 दुर्ग पंकज वर्मा, सुभाष नगर, उतई अंकुर सोनी, सुभाष नगर, उतई शशांक सोनी, वार्ड 11 राजू सिंह, वार्ड 1 दुर्ग राहुल कुमार, राहुल कुमार, वार्ड 53 दुर्ग दीपक टंडन, ग्राम कोमा, उतई बबलू बलाई, वार्ड 34 दुर्ग रामकुमार राठौर, इंदिरा मार्केट, दुर्ग राकेश सेन, कुम्हारी राम डंडे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 22 बैंक खातों का पहचान की है।

### रकम को गबन करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** ऑनलाइन डिलीवरी से मिली नगदी रकम को गबन करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि नया राम मंदिर चरोदा निवासी अशोक कुमार वैष्णव ने शिकायत की थी। जिसमें कंपनी एनटेक्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत सुपरवाइजर जतिन कुमार झा को ऑनलाइन डिलीवरी से मिली नकद राशि बैंक में जमा करने दिया गया। जतिन कुमार झा ने 5.21 लाख 46 रुपए बैंक में जमा करना था। उसने केवल 3. 35 लाख 715 रुपए ही जमा किया। इस तरह 1.85 लाख 351 रुपए की रकम का गबन किया। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी जतिन ने 80 हजार रुपए बाद में कंपनी के खाते में जमा कर दिया। 1.5 लाख 40 रुपए अभी भी जमा नहीं किया।

# जोन-11 स्कूल में नहीं मिला स्टाफ, भिलाई-3 में मैन्यू के हिसाब से भोजन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले के ग्रामीण इलाकों में ही नहीं शहर के स्कूलों में भी शिक्षक और कर्मचारी शाला के निर्धारित समय पर नहीं आ रहे हैं। लापरवाही का आलम यह है कि सुबह 10 बजे तक शाासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सेक्टर 11 जोन2 खुर्सीपार में 12 शिक्षक और स्टॉफ कोई भी नहीं पहुंचा था। जबकि जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा यहां पहुंच गए। पूर्व माध्यमिक शाला बालाजी नगर खुर्सीपार में मध्यांह भोजन गंदे स्थान पर बच्चों को खिलाते मिले। भिलाई तीन मध्यांह भोजन मीनू के अनुसार नहीं पाया गया।

### खुर्सीपार स्कूल के ये निरीक्षण पर नहीं मिले

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-11 जोन-02 खुर्सीपार के निरीक्षण दौरान विद्यालय नहीं पहुंचे थे। जिसमें हेमन्त कुमार बघेल व्याख्याता एल.बी., नाजनी व्या.एलबी, रिकी शर्मा व्या.एल.बी., हरिशचन्द्र वर्मा व्या.एलबी, डां. दीप्ति सिंह गहरवार व्या.एल.बी., अनिता बर्वे , किरण एक्का व्याख्याता, पदमा साहू व्या. से.नि., संतगाम यादव व्या.एल.बी., चंचल ठाकुर सहा. शिक्षक विज्ञान, एम.एल. देवांगन स.शि. विज्ञान, टी.नेहा नायडू, सहायक ग्रेड 2, मिलाप सिंह राजपूत सहायक ग्रेड-03, विजेन्द्र चौहान स.ग्रे. 3, उमेश कुमार दिल्लीवार शिक्षक पावर ट्रेड शाला निर्धारित समय तक उपस्थित नहीं हुए थे। जिस पर समस्त कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया हैं। पूर्व माध्यमिक शाला भिलाई-03, मे मध्यान्ह भोजन प्रारंभ था जिस पर मीनू अनुसार छात्र-छात्राओं को मध्यान्ह भोजन का लाभ तथा साफ सफाई पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

### जिला शिक्षा अधिकारी के औचक निरीक्षण में खुलासा



### सोमनी में हेडमास्टर गैरहाजिर मिली

शासकीय हाईस्कूल सोमनी के निरीक्षण दौरान पूनम बघेल पाठकांन में हस्ताक्षर करके विद्यालय से अनुपस्थित पाई गई। जिस पर नोटिस जारी किया गया है। प्राथमिक व माध्यमिक शाला सोमनी के निरीक्षण दौरान कक्षा 8वीं के बच्चों में कक्षा अनुरूप योग्यता का अभाव, हिन्दी व अंग्रेजी में धारा प्रवाह वाचन का अभाव के साथ 8वीं तक के बच्चों को पहाड़ा का ज्ञान नहीं होना पाया।

### सीएसी व सिरसाकला में दो शिक्षकों को नोटिस

प्राथमिक / माध्यमिक शाला सिरसाकला के निरीक्षण दौरान पाया गया कि विद्यालय में 11 कमरे मौजूद होने के बावजूद विद्यालय दो शिफट में संचालित किया जा रहा हैं जबकि तीन कमरे बंद पाये गये, अवलोकन उपरांत तीनो कमरों में शाला संचालन योग्य पाया गया है। इस संबंध में संबंधित प्राथमिक व माध्यमिक के संस्था प्रमुख एवं सी.ए.सी. सिरसाकला को नोटिस जारी किया गया हैं। इसी संस्था से अनिता सिंह एवं अनिता चौधरी शाला समय बाद देर से शाला पहुंचने पर दोनों को नोटिस जारी किया गया है।

**सेजस पुरैना में कमजोर मिले बच्चे :** सेजेस पुरैना का आकस्मिक निरीक्षण दौरान कमजोर बच्चों को चिन्हांकित कर विशेष कार्य योजना एवं 5 वर्ष के प्रश्न बैंक का नियमित अध्यापन कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

## पार्षदों के विरोध के बाद मंगाया गया डीजल, शव वाहन को किया रवाना

# कर्ज के बोझ में दबा भिलाई निगम, डीजल पेट्रोल न मिलने से गाड़ियों के पहिये थमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ के सबसे अधिक संपन्न और धनी निगमों में सुमार भिलाई नगर निगम इन दिनों कर्ज के बोझ में दबा हुआ है। हालत यह है कि इनके पास पास जरूरी सेवा में लगे वाहनों को चलाने के लिए पेट्रोल डीजल डलाने के लिए फंड नहीं है। जिस पेट्रोल पंप से निगम में डीजल आ रहा है, वहां ढाई करोड़ रुपए की उधारी होने से उसने मंगलवार को डीजल देने से मना कर दिया। इससे सभी वाहनों के पहिए कई घंटे के लिए थम गए। बाद में जब पार्षदों और आम जनता का दबाव बढ़ा तो आयुक्त ने आनन फानन में पंप संचालक से कुछ तेल देने की बात कही, तब जाकर शव वाहन और कुछ जरूरी वाहनों में डीजल डाला गया और उन्हें जरूरी सेवा के लिए भेजे गया। इस तरह की लापरवाही से जरूरी सेवाएं बाधित होने को लेकर पार्षदों में रोष है।



### नहीं होनी चाहिए जरूरी सेवाएं बाधित



भिलाई नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने बताया कि उनके पास सुबह से कई फोन आए कि निगम में लगे शव वाहन को डीजल के अभाव में खड़ा करा दिया गया है। उन्होंने तत्काल वाहन शाखा विभाग के ईई वेशराम सिन्हा को फोन लगाया। उनके द्वारा बताया गया कि सेक्टर 6 में संचालित जिस पेट्रोल पंप से निगम को तेल की सप्लाई की जाती थी, उसने तेल देने से मना कर दिया है। पंप संचालक ने बताया कि उसके यहां लगभग ढाई करोड़ रुपए की उधारी हो गई है। अब उसके पास और अधिक उधारी देने की झमता नहीं है, इसलिए उसने डीजल पेट्रोल देने से मना किया है।

### टैक्स के पैसे का सदुपयोग करे निगम



भाजपा पार्षद संतोष मौर्य ने बताया कि उनके वार्ड में नाली जाम हो गई थी। उसकी सफाई के लिए उन्होंने निगम से जेसीबी के लिए बोला तो निगम हाथ खड़े कर दिए। उन्होंने कहा डीजल ना होने से वो लोग जेसीबी नहीं भेज पाएंगे। इस पर संतोष मौर्य ने कड़ी आपत्ति जताई। उनका कहना है कि निगम हर साल करोड़ों रुपए का टैक्स लोगों से वसूली करता है। उस मद ऐसे कार्यों में खर्च किया जा रहा है जो जनहित में नहीं होता। निगम को चाहिए कि पहले वो जनहित से जुड़े कार्यों को चलाने के लिए मद की व्यवस्था करे।

### कई घंटे बाद कुछ वाहनों में डाला गया ईंधन

ईई वेशराम सिन्हा ने बताया कि उन्होंने वस्तु स्थिति की जानकारी अपने उच्चाधिकारी को दे दी थी। उसके बाद उन्होंने ऊपर बात की। कुछ समय बाद पंप संचालक डीजल देने के लिए राजी हुआ और उसके बाद गाड़ियों में डीजल डाला गया। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा का कहना है कि पंप संचालक ने एक दिन के लिए डीजल दिया, जिससे कुछ वाहनों को भेजा गया, लेकिन कई वाहन खड़े रहे। यदि निगम उधारी नहीं देगा तो आगे फिर से यही स्थिति निर्मित होगी। इसलिए इस समस्या का समाधान जरूरी है।

### पार्षदों और नेताओं ने जताई कड़ी आपत्ति

इस मामले को लेकर निगम के पार्षदों ने कड़ी आपत्ति जताई है। पार्षद नोहर वर्मा का कहना है कि महापौर और आयुक्त दोनों मिलकर अपनी मर्जी से निगम चला रहे हैं। पार्षद पति भोला साहू ने कहा डीजल नहीं तो फिर क्या है, ये दुर्भाग्यजनक है। भाजपा नेता मयंक गुप्ता ने इसे शर्मनाक स्थिति बताया है। शशांक तिवारी का कहना है कि पीआईएल लगाकर जिम्मेदारों को कोर्ट में खड़ा करो।

# सीएसवीटीयू में 9.44 लाख की ठगी, कनिष्ठ सलाहकार के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई में पीएचडी शोधार्थियों से फीस को लेकर विभाग के कनिष्ठ सलाहकार द्वारा ठगी करने का मामला सामने आया है। फीस लेकर शोधार्थियों को फर्जी रसीद तक थमाई गई। रकम को अपने पास रखा गया। नेवई पुलिस ने बताया कि विश्वविद्यालय के छात्रों से पीएचडी के नाम का 30-30 हजार रुपए फीस लिए जाते थे। लेकिन छात्रों को रसीद दी जाती थी वो फर्जी होती थी। जिसका खुलासा शिकायत में छात्रों ने किया है। तब विश्व विद्यालय के प्रभारी कुल सचिव ने नेवई पुलिस थाने में 27 जनवरी को शिकायत पत्र भेजा। पुलिस जांच में 9.44 लाख 500 रुपए के गबन की पुष्टि हुई। शिकायत में बताया गया है कि निर्धारित फीस ली गई, लेकिन विश्वविद्यालय में राशि जमा नहीं कराई गई। इसे लेकर वि.वि. प्रशासन ने दो सदस्यीय जांच समिति बनाया गया। शिकायतों के आधार पर दो सदस्यीय समिति से जांच कराई गई। जिसमें यह तथ्य सामने आया कि करीब 10 लाख रुपए का गबन किया गया है। थाना प्रभारी विश्वविद्यालय पहुंचकर परीक्षण किया। गबन से जुड़े सारे लोगों के बयान लिए गए। जांच समिति की रिपोर्ट में सामने आया कि कनिष्ठ सलाहकार सुनील कुमार प्रसाद ने शोधार्थियों से नकद फीस ली। लेकिन उन्हें जो रसीदें दी गईं, वे फर्जी पाई गईं। फीस की राशि सीधे सुनील अपने निजी बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कराया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने नकद राशि लेने की बात स्वीकार किया।

### लिया गया बयान रसीद निकली फर्जी

जांच के दौरान सुनील कुमार प्रसाद ने लिखित बयान में दावा किया कि वह शोधार्थियों से ली गई राशि तत्कालीन प्रभारी कुलसचिव अंकित अरोरा को सौंप देता था। इसके बदले उसी दिन या अगले दिन रसीदें मिल जाती थीं। हालांकि वह अपने इस दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत पेश नहीं कर सका। वि.वि. की कार्य परिषद की बैठक 22 जनवरी को हुई। बैठक में सुनील कुमार प्रसाद के खिलाफ अपराध दर्ज कराने का निर्णय लिया गया।पुलिस ने बताया कि रकम गबन मामले में कार्रवाई की जा रही है, इसमें विवि के अन्य लोगों की भूमिका सामने आती है, तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई कती जाएगी।

# हाईकोर्ट: टाउनशिप के व्यापारियों की याचिका खारिज, देना होगा पॉलिसी के अनुसार प्रीमियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

31 अक्टूबर 2025 को पारित हाई कोर्ट आदेश के खिलाफ भिलाई टाउनशिप के दुकान पट्टेदारों द्वारा बीएसपी के लीज डीड किराया वृद्धि वापस लेने संबंधी दायर की गई रिट अपील को हाई कोर्ट बिलासपुर की डिवीजन बेंच ने खारिज कर दिया है। बेंच ने कहा है कि सेल की पालिसी अनुसार ही व्यवसायियों को प्रीमियम और चार्ज देना होगा। जिन भी दुकानदारों द्वारा लीज रेंट /राजस्व नहीं पटाया गया है भिलाई इस्पात संयंत्र एस्टेट कोर्ट के माध्यम से ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई कर सकता है।

उल्लेखनीय है कि डिवीजन बेंच ने अपने पिछले आदेश में कहा था कि सेल द्वारा उठाई गई विवादित मांगें एक समान, बोर्ड द्वारा अनुमोदित लीज़ नवीकरण नीति पर आधारित हैं, जो सभी समान रूप से स्थित लीज़धारकों पर लागू होती है। प्रमाणित प्रोफेशनल्स द्वारा किए गए मूल्यांकन पर आधारित हैं। एकल न्यायाधीश ने आदेश 31 अक्टूबर 2025 में कहा है कि ऐतिहासिक लीज़ दरें या पिछली रियायतें किसी सार्वजनिक प्राधिकरण को वर्तमान बाजार की वास्तविकताओं और प्रशासनिक विवेक के अनुरूप अपनी नीति को संशोधित करने से नहीं रोक सकतीं।अपीलकर्ताओं की याचिका पर न्यायाधीश ने कहा है कि विवादित आदेश 31 अक्टूबर 2025 में कोई कानूनी खामी या क्षेत्राधिकार संबंधी त्रुटि नहीं मिली है, जिसके लिए हमारे अपीलीय क्षेत्राधिकार का प्रयोग करते हुए हस्तक्षेप की आवश्यकता हो। रिट अपील निराधार है।

### सेल की पालिसी अनुसार दें चार्ज

आदेश में कहा है कि 33 साल की लीज़ अवधि ख़त्म होने पर किरायेदारों के पास अपनेआप रिनेवल का कोई अधिकार नहीं बचता है रिनवेल हमेशा लीजर यानी सेल की मर्ज़ी और नई शर्तों पर निर्भर है। सेल बोर्ड अप्रूव्ड पॉलिसी और नए वैल्यूशन के आधार पर प्रीमियम, सर्विस चार्ज, ग्राउंड रेंट आदि तय कर सकता है। पुराने कम रेट दिखाकर उसे रोका नहीं जा सकता। कोर्ट ने कहा है कि लीज़ ख़त्म होने के बाद सिर्फ़ किराया/ आकूपेशन चार्ज लेते रहने या कंडीशनल आफर लेटर देने से सेक्शन 116 टीपीए वाला होल्डिंग ओवर टेंडेंसी नहीं बनती।ये दुकानें पब्लिक प्रिमासेस मानी गईं, इसलिए रिनेवल/ एविकेशन आदि पर मुख्यतया पब्लिक प्रिमाइससेस एक्ट की प्रक्रिया लागू होगी। रिट में कोर्ट केवल तभी दखल देगा जब साफ़ अरबीटेरिनेस या मेला फेड दिखे, जो यहाँ साबित नहीं हुआ। बेंच ने व्यापारियों खारिज करते हुए निर्देश दिया है कि लीज व्यापारियों को सेल की मौजूदा पॉलिसी के अनुसार ही नए प्रीमियम व चार्ज भरने होंगे। पुराने टर्म्स पर रिनेवल का कोई कानूनी अधिकार नहीं माना गया।

### सिविल सर्जन मामले की जानकारी लेकर देंगे सीएमएचओ को जानकारी

# मृत व्यक्ति का मेडिकल बनाने के मामले में सीएमएचओ ने दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय सुपेला में मरे हुए व्यक्ति का मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के मामले में सीएमएचओ ने जांच के निर्देश दिए हैं। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी का कहना है कि सुपेला अस्पताल सिविल सर्जन के अंडर में आता है। उन्होंने मामले की जांच कर जानकारी मांगी है। उसके बाद उस पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आपको बता दें कि लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डॉ. पीयाम सिंह ने मोतीलाल चौक सुवेला वार्ड 17



सुपेला अस्पताल में बना मरे हुए आदमी का मेडिकल सर्टिफिकेट

मेरे खिलाफ काम कर रहा है सिंडीकेट

पुलिस अधिकारी का बन चुका है फर्जी मेडिकल

निवासी गणेश राम नाम के व्यक्ति का मेडिकल सर्टिफिकेट 7 दिसंबर 2025 को जारी किया था। जबकि गणेश राम की मौत 21 अप्रैल 2024 को हो चुकी है। उनका रामनगर मुक्तिधाम से जारी किया गया मृत्यु प्रमाण पत्र भी मिला।

जब डॉ. पीयाम सिंह से पूछा गया कि आखिर मरे हुए व्यक्ति का मेडिकल सर्टिफिकेट कैसे बन गया तो उन्होंने साफ कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है। उनके खिलाफ एक सिंडीकेट काम कर रहा है। उन्हें धोखे में रखकर मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लिया गया है। जबकि अस्पताल के ही एक स्टॉफ ने बताया कि अस्पताल में मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने का गोरखधंधा कई साल से चल रहा है। दलालों के माध्यम से सीधे फार्म भरा जाता है और बिना आदमी को देखे डॉक्टर उसका मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर देते थे। उसने यह भी बताया कि इससे पहले भी फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के मामले में डॉ. पीयाम सिंह इसी अस्पताल से हटाए गए थे।

**आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग**

इस मामले की शिकायत आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने कलेक्टर दुर्ग से की है। उन्होंने शिकायत के साथ पूरे दस्तावेज भी उन्हें सौंपे हैं। जसप्रीत का कहना है कि यह एक बड़े सिंडिकेट और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। जो व्यक्ति 2024 में मर चुका है, वह 2025 में अस्पताल में उपस्थित कैसे हुआ? बिना जांच और भौतिक सत्यापन के डॉक्टर ने मेडिकल सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर कैसे किए? क्या सरकारी रिकॉर्ड का दुरुपयोग कर किसी बड़े वित्तीय घोटाले या कानूनी हेराफेरी को अंजाम दिया जा रहा है? आप ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले में आपराधिक मामला दर्ज कर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

**सुविधा** जलकार्य प्रभारी ने किया निरीक्षण, गर्मी से पहले तैयारी पूरी करने के निर्देश

# 11 एमएलडी प्लांट का मेंटेनेंस, चार वार्डों में जल्द पहुंचेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नलघर स्थित 4 एमएलडी के फिल्टर प्लांट को रिनोवेट कर क्षमता 11 एमएलडी तक बढ़ाई गई है। इसका मेंटेनेंस जारी है। मंगलवार को फिल्टर प्लांट का जलकार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने निरीक्षण किया।

बता दें कि इस फिल्टर प्लांट के शुरू होने से संतराबाड़ी, पोलसायपारा, केलाबाड़ी, तमेरपारा, तकियापारा सहित अन्य क्षेत्रों में पानी की सप्लाई समान्य हो सकेगी। देवांगन ने निरीक्षण के दौरान गर्मी से पहले सभी तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही टैंकरों से आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पानी की सुचारू सप्लाई व्यवस्था के लिए नगर निगम के जल कार्य विभाग द्वारा महापौर अलका बाघमार के निर्देश पर शहर में पेयजल व्यवस्था में होने वाले खामियों को दूर करने निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें एक तरफ विभिन्न स्थानों पर विभिन्न स्थानों पर छोटे बड़े लीकेज कार्य निरंतर जारी है।

वहीं बस स्टैंड के सामने जल गृह विभाग में स्थापित शहर की सबसे पुराने 11 एमएलडी फिल्टर प्लांट में संधारण कार्य प्रगति पर है।



### वर्तमान में नई पानी की टंकी से की जा रही आपूर्ति

वर्तमान में ईस प्लांट में सुचारु रूप से शुद्ध पानी सप्लाई करने तकनीकी कार्यों कराया जा रहा है जिसका आज आज जल कार्य विभाग प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन ने अपने विभागीय समिति के सदस्यों के साथ अवलोकन कर अधिकारियों को शीघ्र कर सप्लाई व्यवस्था नार्मल करने के निर्देश दिए ईस दौरान समिति के सदस्य एवं पार्षद कमल देवांगन गुलाब वर्मा, जल विभाग अभियंता विनोद मांझी, जल कार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित थे। 11 एमएलडी फिल्टर प्लांट दुर्ग शहर के सबसे पुरानी व पहला प्लाट है, जहां से अविस्तरित दुर्ग शहर में पानी सप्लाई होती थी।

### तकनीकी कार्यों को किया जा रहा पूरा

अधिकारियों ने बताया कि शिक्षक नगर, जल गृह कार्यलय स्थित नई पुरानी टंकियों के माध्यम से तकिया पारा, तमेर पारा संतरा बाड़ी पोलसाय पारा केलाबाड़ी जैसे क्षेत्रों में पानी सप्लाई की जाती है, किंतु अभी कुछ दिनों से संधारण कार्य के चलते उपरोक्त टंकियों में वैकल्पिक रूप से 11 एमएलडी प्लांट के बजाय रायपुर नाका स्थित बड़े प्लांट से पानी भरकर सप्लाई किया जा रहा है। शीघ्र ही इस प्लांट के सभी तकनीकी कार्यों को पूर्ण कर गर्मी से पूर्व सही ढंग से सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।

### ओवरब्रिज से कूदने वाले को पुलिस ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



परेशान युवक ने नशे की हालत में धमधा नाका ओवरब्रिज के ऊपर चढ़ गया। इस दौरान ऊपर से रेलवे ट्रैक पर कूद गया। खबर लगते ही मोहन नगर पुलिस मौके पर पहुंची। युवक का नाम वार्ड 13 जेवरा सिरसा निवासी भानुप्रताप देशमुख है। युवक मानसिक तनाव और नशे की हालत में घटना किया। उसे रेस्क्यू ऑपरेशन में आरक्षक हिमांशु जंघेल, चालक धर्मेंद्र देशमुख पहुंचे। तुरंत उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना में भानू के पैपर पर गंभीर चोट आई है। भानू नगर निगम भिलाई के वार्ड 13 में सफाई कर्मी के रूप में काम करता है।




# नागरिक सहकारी बैंक के डायरेक्टर पद के चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के 12 संचालक मंडल सदस्य पद (डायरेक्टर) के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मंगलवार को प्रत्याशियों ने उत्साह के साथ नामांकन दाखिल किया। कुल 44 नामांकन प्राप्त हुए है। इनमें कुछ प्रत्याशियों के एक से अधिक नामांकन मिले है।

नामांकन प्रक्रिया रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष दास के देखरेख में पूरी की गई। नामांकन प्रक्रिया के चलते बैंक मुख्यालय अस्पताल वार्ड पचरीपारा में प्रत्याशी, उनके समर्थक और बैंक से जुड़े सदस्य जुटे। नामांकन प्रक्रिया के दौरान गहमागहमी का माहौल निर्मित रहा। नागरिक सहकारी बैंक के इतिहास में संचालक मंडल सदस्य पद के लिए पहली बार मतदान की स्थिति बनते नजर आ रही है। लिहाजा प्रत्याशियों द्वारा दो अलग-अलग पैनलों में अपना नामांकन दाखिल किया गया है। रुंगटा पैनल से प्रत्याशी कमलनारायण रुंगटा, मनोज ताम्रकार, तेजबहादुर बंछोर, संजय सिंह,अखिलेश मिश्रा, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पवन बड़जात्या, नीलू देवांगन, सुनीता अग्रवाल, अरविंद सुराना, श्रीपाल कोठारी, वसुन्धरा चौरे ने नामांकन दाखिल किया है, वहीं परिवर्तन पैनल से प्रत्याशी राजेश यादव, वेंकट साई शास्त्री राव, मंगल प्रकाश गुप्ता, दीपक चावड़ा, दिनेश मारोटी, रविशंकर भट्ट,अंबर ताम्रकार, अंजय ताम्रकार, पदम ताम्रकार, संध्या तिवारी, रजनी जोशी, वसुन्धरा चौरे द्वारा अपने नामांकन जमा किए गए हैं।

## अनुसूचित जाति वर्ग से सिर्फ एक नाम

अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित संचालक मंडल सदस्य के एक पद के लिए केवल वसुन्धरा चौरे द्वारा ही नामांकन दाखिल किया गया है। जिनका निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। जिसके चलते दोनो पैनल द्वारा श्रीमती वसुन्धरा चौरे को अपने पैनल से प्रत्याशी होने का दावा किया जा रहा है। इस चुनाव में 12 संचालक मंडल सदस्य पद में 10 पद सामान्य वर्ग (अनारक्षित) के लिए है। इनमें 2 पद महिला वर्ग और 2 पद सनदी लेखाकार (चार्टर्ड एकाउंटेंट) के लिए आरक्षित किए गए है। इसके अलावा 1-1 पद अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित किए गए है।

## बैंक के इतिहास में डायरेक्टर पद के लिए पहली बार बन रही है मतदान की स्थिति



### आज होगी स्क्रूटनी, कल नाम वापसी, 14 को मतदान



संचालक मंडल सदस्य पद के प्रत्याशियों द्वारा मंगलवार को दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच नामांकन पत्र जमा किए गए। 4 फरवरी को शाम 4 बजे से प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। जिसके उपरांत वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन पत्रों की वापसी के लिए 5 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई। अभ्यर्थी सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। नामांकन वापसी की प्रक्रिया समाप्ति उपरांत अभ्यर्थियों की अंतिम सूची और उन्हें चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जाएगा। मतदान की स्थिति निर्मित होने पर 14 फरवरी को गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज भवन मोतीपारा में मतदान की प्रक्रिया पूरी करवाई जाएगी और इसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। मतदान के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे का समय निर्धारित किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष दास ने बताया कि संचालक मंडल सदस्यों के अलावा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसायटियों के प्रतिनिधियों व अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना 16 फरवरी को जारी किया जाएगा। इन पदों पर निर्वाचन की प्रक्रिया 20 फरवरी को शाम 4 बजे से बैंक मुख्यालय अस्पताल वार्ड पचरीपारा में पूरी की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कॉलेज में उत्पात मचाने वाले दो फिर गिरफ्तार

**भिलाई।** कल्याण कालेज में उत्पात मचाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी अतुल कुमार चौधरी , नेहरु नगर केतन तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों पर प्राचार्य से दुर्व्यवहार करने का आरोप है। इसके अलावा शासकीय कार्य में बाधा डालने और शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला भी दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा के मुताबिक 9 दिसंबर को कल्याण कालेज सेक्टर-7 भिलाई में प्राचार्य कक्ष के भीतर घुसकर आरोपियों ने परीक्षा फॉर्म के परीक्षण और हस्ताक्षर का शासकीय कार्य चल रहा था। तभी आकाश कन्नौजिया अपने साथियों दीपक पाल, आनंद यादव, नितेश गुप्ता, आशीष कालो, भौमित पटेल, अंशुल शर्मा सहित अन्य छात्रों के साथ पहुंचा था। आरोपियों ने प्राचार्य कक्ष में घुसकर गाली-गलौज शुरू कर दी और प्राचार्य की टेबल का कांच तोड़ दिया। टेबल पर रखे शासकीय दस्तावेज उठाकर फेंक दिए गए। कई दस्तावेज फाड़ दिए गए और उन पर स्याही डालकर खराब कर दिया गया। आरोपियों ने जूते की माला बनाकर प्राचार्य को पहनाने का प्रयास किया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## अग्रिम विवेचना, जमानत एवं इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस जैसे प्रासंगिक विषयों पर मंथन

# बेल इज द रूल, जेल इज द एक्सेप्शन...इस बात को ध्यान रखकर अपराधिक मामलों पर होती है सुनवाई

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय के सभागार में विधिक ज्ञान और कलात्मकता का एक अनूठा संगम देखने को मिला। अग्रिम विवेचना, जमानत एवं इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस जैसे गंभीर, प्रासंगिक और समसामयिक विषयों पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने किया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने कानून के तकनीकी पहलुओं को बहुत ही सरल अंदाज में प्रस्तुत किया। पल्लवी गुप्ता सहायक जिला अभियोजन ने अग्रिम विवेचना' की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक बेहतर विवेचना ही न्याय की नींव होती है। शिक्षा मेश्राम ने जमानत' के नवीनतम प्रावधानों और प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी दी। सौरभ शेन्द्रे (असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम ने वर्तमान डिजिटल युग में इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस की महत्ता, संग्रहण और न्यायालय में उनकी ग्राह्यता के बारे में जानकारी दी।





आयोजित कार्यशाला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बदलते दौर में अपराधों की प्रकृति भी हो रही हाईटेक

इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि बदलते दौर में अपराधों की प्रकृति हाईटेक हो गई है, ऐसे में अग्रिम विवेचना, जमानत एवं इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस की बारीकियों को समझना अभियोजन और बचाव पक्ष दोनों के लिए अनिवार्य है। उन्होंने आपराधिक न्याय प्रणाली में अग्रिम विवेचना, जमानत के सिद्धांत तथा इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए इनके विधिसम्मत एवं संवेदनशील प्रयोग की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि अग्रिम विवेचना, जमानत एवं इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस वर्तमान आपराधिक न्याय प्रणाली के अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं। उन्होंने विवेचना को निष्पक्ष, वैज्ञानिक एवं विधिसम्मत ढंग से किए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे अपराध के सही अनावरण के साथ-साथ निर्दोष व्यक्तियों के अधिकारों की भी रक्षा होती है। जमानत के संदर्भ में उन्होंने बेल इज द रूल, जेल इज द एक्सेप्शन के सिद्धांत का उल्लेख किया तथा इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के विधि के अनुरूप संग्रहण एवं प्रस्तुतीकरण को समय की आवश्यकता बताया।

### रंगोली व पेंटिंग प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

कार्यशाला की गंभीरता के बीच रचनात्मकता के रंगों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा विषय वस्तु पर आधारित एक भव्य और संदेशपरक रंगोली तथा बैनर तैयार किया गया था, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वह 'चित्रकला प्रदर्शनी' रही, जिसमें केन्द्रीय जेल दुर्ग के बंदियों और लीगल एड डिफेंस काउंसिल के स्टॉफ द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया।

### बंदियों ने अपनी पेंटिंग्स में उकेरी प्रतिभा,सम्मान

इन पेंटिंग्स के माध्यम से न केवल कला का प्रदर्शन हुआ, बल्कि बंदियों और विधिक कार्यकर्ताओं की छिपी हुई प्रतिभा और भावनाओं को भी एक मंच मिला। इस अवसर पर जिला न्यायालय दुर्ग के न्यायाधीशगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव, जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के अधिवक्तागण, अभियोजन अधिकारीगण और न्यायालयीन एवं विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर कानून से जुड़ी जानकारियों को विस्तार से बताया गया।

## दीपक नगर सेजस में बनेंगे स्मार्ट क्लास एनुअल डे में मंत्री गजेन्द्र ने की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, दीपक नगर, दुर्ग में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किये और विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, शिक्षा एवं संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद, रचनात्मक गतिविधियों एवं बौद्धिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। इससे बच्चों का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास संतुलित रूप से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि स्कूल का एनुअल डे केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की रचनात्मक, सांस्कृतिक और कलात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का बेहतर मंच होता है। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनमें नई ऊर्जा का संचार होता है। बच्चे पूरे वर्ष जो कुछ सीखते हैं, उसे इस मंच के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं। गजेन्द्र यादव ने बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने और उन्हें संस्कारवान बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि परिवार और विद्यालय दोनों की संयुक्त भूमिका से ही बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शासकीय विद्यालयों में बेहतर भवन, आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, दीपक नगर शिक्षा एवं शैक्षणिक गतिविधियों के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष अनूप गटागट, जिला महामंत्री विनोद अरोरा, पार्षद मनोज सोनी, विनोद मून, विजय जलकारे, आसिफ अली, प्राचार्य जे. मनोहरण उपस्थित रहे।

## ई-ऑफिस प्रक्रिया में संभाग कार्यालय प्रदेश में अव्वल



**दुर्ग।** दुर्ग संभाग कार्यालय ई-ऑफिस के माध्यम से फाइल निपटाने में प्रदेश के अन्य संभाग कार्यालयों में अव्वल है। एक जनवरी से लागू इस प्रक्रिया में संभाग कार्यालय दुर्ग में शिकायत, स्थापना, लाइसेंस और राजस्व भू-आवंटन से संबंधित 919 आवेदनों का ई-ऑफिस के माध्यम से पंजीबद्ध किया गया है। जबकि सरगुजा कार्यालय द्वारा 828, बस्तर द्वारा 641, बिलासपुर द्वारा 142 एवं संभाग कार्यालय रायपुर द्वारा 79 आवेदन ई-ऑफिस के माध्यम से पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार दुर्ग जिला ई-ऑफिस काउंट में 8,100 प्रकरण के साथ प्रदेश में द्वितीय स्थान पर है। संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने मंगलवार संभागीय कार्यालय दुर्ग के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में उक्त जानकारी देते हुए सभी संभाग स्तरीय कार्यालयों में भी ई-ऑफिस के माध्यम से आवेदन पंजीबद्ध करने पर जोर दिया। संभाग आयुक्त ने कहा कि ई-ऑफिस के क्रियान्वयन एक प्रशासनिक प्रक्रिया है। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी काम-काज में पारदर्शिता लाना, फाईलों के निपटान में तेजी लाना और पेपरलेस गर्वनेंस को बढ़ावा देना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ई-ऑफिस केवल एक साफ्टवेयर नहीं है बल्कि कार्य संस्कृति में बदलाव है। सभी विभाग प्रमुख सुनिश्चित करें कि उनके अधीनस्थ कर्मचारी प्रतिदिन लांग-इन करें और ई-फाईलों का निपटान प्राथमिकता के आधार पर करें। संभागायुक्त ने ग्राम पंचायतवार गठित सहकारी समिति, प्राथमिक एवं माध्यमिक परीक्षा के पुख्ता प्रबंध, सड़कों की मरम्मत, रबि फसल अंतर्गत दहलन-तिलहन का रकबा बढ़ाने, मिलेट्स योजना एवं गन्ना की पैदावारी की समीक्षा की।

## पानी पाउच और डिस्पोजल पर प्रतिबंधित, फिर भी अहाता में धड़ल्ले से उपयोग, शिकायत



**दुर्ग।** जिले की देशी और अंग्रेजी शराब दुकान के आसपास संचालित अहाता में प्रतिबंध के बाद पानी पाउच और डिस्पोजल का उपयोग हो रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। इसे देखते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ स्वाभिमान के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से आबकारी विभाग को ज्ञापन सौंपा। जनता कांग्रेस युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम और संभाग अध्यक्ष अनुरुध वर्मा ने कहा कि ऐसे मामलों पर तत्काल कार्रवाई की जाए, अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूरण लाल साहू ने भी आबकारी आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। विरोध दर्ज कराने पहुंचे लोगों ने कहा कि आबकारी विभाग लापरवाह है। सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। इस दौरान मनोज कुर्रे, नमन पटेल, अंकु पांडे, मनोज पटेल, आरिफ खान, योगेश भंडारी, टिकेश जोशी, कुणाल चतुर्वेदी, धीरज टंडन आदि मौजूद थे।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद 60 जगहों पर बनाए गए डॉग फीडिंग सेंटर




**दुर्ग।** सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए शहर में 60 डॉग फीडिंग सेंटरों का निर्माण किया गया है। इन सेंटरों में खाने और पानी के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई हैं। ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। कई स्थानों पर लोग भी आगे आकर इन केंद्रों पर स्वच्छ भोजन डाल रहे हैं और निगम की पहल को सहयोग दे रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पशुओं की सुरक्षा और नियंत्रण के लिए दिए गए निर्देशों के अनुरूप नगर निगम ने एनीमल बर्थ कंट्रोल सेंटर भी सक्रिय कर दिया है। कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और एंटी-रेबीज़ इंजेक्शन की पूरी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विशेषज्ञ टीम नियमित रूप से कुत्तों को पकड़कर सेंटर में लाती है, जहां मेडिकल प्रक्रिया के बाद उन्हें उनके मूल क्षेत्र में वापस छोड़ा जाता है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि कुत्तों की बढ़ती संख्या को मानवीय तरीके से नियंत्रित करना आवश्यक है, ताकि नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ पशुओं के प्रति संवेदनशीलता भी बनी रहे। इसी उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट के सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है।

## राकेश साहू बने भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक



**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की अनुमति से की गई। दुर्ग निवासी राकेश साहू को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश सहसंयोजक बनाया गया है। इसके पहले भाजपा प्रदेश आई टी सेल के दुर्ग संभाग प्रभारी थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा ने जो मुझ पर विश्वास जताया है, उस पर मैं पूरी मेहनत के साथ कार्य करूंगा। उनके प्रदेश सहसंयोजक चुने जाने पर बधाई देने वालों में प्रदेश संयोजक दिनेश सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विनायक नातू विधायक प्रतिनिधि, प्रमोद सिंग सांसद प्रतिनिधि, रजनीश श्रीवास्तव, जितेंद्र राजपूत शामिल हैं।

# WORLD CANCER DAY *Special*









विश्व कैंसर दिवस हर वर्ष 4 फरवरी को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूक करना, इसके बचाव और समय पर उपचार के महत्व को समझाना है। यह दिन लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित जांच कराने और कैंसर से जुड़े भ्रम व डर को दूर करने का संदेश देता है। विश्व कैंसर दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि सही जानकारी, समय पर पहचान और उचित इलाज से कैंसर को हराया जा सकता है।



## खबर संक्षेप



### खोपली शिक्षा रत्न से सम्मानित हुए गिरीश

**उतई।** सरपंच मंजू वर्मा और उपसरपंच देवेंद्र भारती ने शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के शिक्षक गिरीश साहू को खोपली शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया। उन्हें शॉल साल श्रीफल प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक कुमार साहू, पूर्व प्रधान पाठक छबिलाल रघुवंशी, दीपक साहू, रामेश्वरी चंदेल, रोशनी चंद्राकर ,संतोषी कश्यप व ग्राम पंचायत खोपली के सरपंच मंजू वर्मा उपसरपंच देवेंद्र भारती, रमेश वर्मा, पूर्व सरपंच फत्ते लाल वर्मा, पंच अरुण चंद्राकर प्राचार्य वीणा दुबे, संकुल समन्वयक इंद्रेश बंजार, प्रधान पाठक सुंदर लाल देवांगन पूर्व प्रधान पाठक हरिश्चंद्र देवांगन, शाला विकास समिति के अध्यक्ष बी आर सपहा, बिंदु दिनेश देशलहरे आदि उपस्थित थे।

### सेजस निकुम स्कूल में बच्चों ने बिखेरी सतरंगी छटा



**निकुम।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी व अंग्रेजी विद्यालय निकुम में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच भागवत पटेल, पंचराम देशमुख प्राचार्य श्रीमती एस देवराजन सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ी बारहमासी गीत, बंगाली ,साउथ इंडियन महाराष्ट्र, पंजाबी, रिमिक्स, देशभक्ति सहित भारत की लोक संस्कृति की मंत्र मुग्ध छटा बिखेरी, वही मेधावी स्कूली बच्चों, खेलकूद सहित एक्टिविटी में बच्चों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र सहित नगद राशि देकर सम्मानित किया,इस दौरान प्रस्तुत किए गए। शाला विकास समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पालक विकास समिति अध्यक्ष दिलीप साहू सहित जनपद सदस्य लीलावती देशमुख, पूर्व सरपंच निकुम मुक्ति सुधाकर आदि उपस्थित थे।

### निकेत बने अध्यक्ष



**धमधा।** धमधा ब्लॉक के छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के गठन को लेकर जिला स्तर पर बैठक हुई। जिसमे सर्वसम्मति के निर्णय के तहत निकेत ताम्रकार को लगातार तीसरी बार धमधा ब्लॉक पत्रकार संघ का अध्यक्ष चुना गया। जिला अध्यक्ष ललित साहू सहित सभी सदस्यों ने मिल कर चयन प्रक्रिया पूरी की।

## विधायक ललित चंद्राकर ने ग्रामीणों को दी मिशन की विस्तृत जानकारी

# भारत की आत्मा बसती है गांवों में, हम जल्द बनेंगे पूरी तरह आत्मनिर्भर : ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

**खुरसुल में विकसित भारत, गारंटी फॉर रोजगार पर कार्यशाला**





दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खुरसुल में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन के तहत एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित रहे। ललित चंद्राकर ने मिशन के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बस्ती है। भारत गांवों का देश है जी राम जी योजना से आत्मनिर्भर बनेंगे गांव। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि यह मिशन किस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा करने और आजीविका को सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाने के लिए सभी ग्रामवासियों को प्रेरित किया। जहां मनरेगा में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाती है, वहीं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 125 दिनों तक रोजगार सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और पलायन पर रोक लगेगी। उन्होंने कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम एवं भ्रामक प्रचार को तथ्यों के साथ स्पष्ट किया। चौपाल में बड़ी संख्या में किसान एवं मजदूर भाई–बहन उपस्थित रहे। इस अवसर पर दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष तेखन सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, राहुल पंडित, पूर्व सरपंच सुखदेव देवांगन, सरपंच सुनीता लहरे, गुड्डू निषाद, ईश्वर देवांगन, नकुल ढीमर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नगपुरा में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए चंद्राकर

**दुर्ग।** ग्राम नागपुर स्थित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगपुरा में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। चंद्राकर ने कहा कि हमारे क्षेत्र के बच्चे न केवल शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है। विष्णुदेव साय सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास कर रही है ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके और वे अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें। हमारा उद्देश्य है कि हर बच्चा शिक्षित हो और अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, गिरेश साहू, गायत्री पुरुषोत्तम साहू, चेतन साहू, रंजीत कुमार, वीरेंद्र निषाद, शिव देवांगन, कुलेश्वरी देवांगन, ओंकार देवांगन, खिलेन्द्र साहू, सुनीता मूर्ति, बसंत यादव, रोमन देशमुख, अशोक देशमुख, ऋषि सिन्हा, संजय देशमुख आदि मौजूद थे।



## अंचल की खबरें

### निषाद केंवट समुदाय सेवा भावी समाज : नारद



**जामगांव आर।** माँ वृंदा देवी धाम मे निषाद केवट समाज किकिरमेटा/बेल्हारी पाली वार्षिक सम्मेलन एवं गुह जयंती समारोह का आयोजन किया गया। भक्तों ने शोभायात्रा निकाली। निषाद भवन में सुबह भगवान श्री राम की पूजा अर्चना व कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारीगण व मातृशक्तियां बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि नारद साहू ने कहा कि भगवान राम के अनन्य भक्त निषाद केवट समाज सेवा भावी समाज है भगवान की सेवा कर इनके पूर्वज इतिहास के पन्नों में अमर हो गए। इस अवसर पर नारद साहू सभापति प्रतिनिधि जिला पंचायत दुर्ग, डॉ घनश्याम निषाद, बी. आर निषाद, देवकुमार निषाद, रमाकांत साहू, सरपंच आगेसरा, देवकी जेठूराम निषाद सरपंच किकीरमेटा, माधुरी नरोत्तम निषाद सरपंच अकतई, नेतराम निषाद आदि उपस्थित थे।

### पंचायत सचिव महेन्द्र का हुआ स्थानान्तरण




**सेलूद।** ग्राम पंचायत पतोरा में पदस्थ सचिव महेंद्र साहू के स्थानांतरण को लेकर चल रहे विवाद और ग्रामीणों के आंदोलन के बीच जिला पंचायत प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए उनका स्थानांतरण ग्राम पंचायत जामगांव आर में कर दिया है। यह आदेश जिला पंचायत दुर्ग के सीईओ बजरंग दुबे द्वारा जारी किया गया। सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों द्वारा सचिव के स्थानांतरण की मांग को लेकर दो दिन का अल्टीमेटम दिया गया था। चेतावनी के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर पंचायत भवन में तालाबंदी की तैयारी की जा रही थी। लगातार शिकायतों और ज्ञापनों के बाद प्रशासन हरकत में आया। ग्रामीणों का आरोप था कि सही समन्वय के अभाव में पंचायत की शासकीय गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं, जिसके चलते जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में आक्रोश था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित निर्णय लिया। महेंद्र साहू के स्थान पर ग्राम पंचायत पतोरा में नरेश महतो की पदस्थापना का आदेश भी जारी किया गया है। आदेश जारी होने के बाद ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में संतोष का माहौल है तथा प्रशासन के निर्णय का स्वागत किया गया है।

### रामायण जीवन जीने की कला सिखाती है : भूपेश



**सेलूद।** ग्राम सेलूद में तीन दिवसीय रामायण प्रतियोगिता व मंडई मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ रविवार को ग्राम के देवी देवताओं के विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ। मानस गान शुभारंभ के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कि रामायण लोगों में धार्मिक भावना को जागृत करती है। रामचरितमानस की बातों को मानव जीवन में उतारने से जीवन में सफलता जरूर मिलती है। रामायण से ही जीवन जीने की कला मिलती है। परिवार में माता-पिता, भाई बहन, भाई-भतीजा रिश्ते इन संबंधों को कैसे निभाया जाय यह रामायण ही सिखाता है। भगवान राम के जीवन चरित्र से रू-ब-रू कराना, साथ ही एक आदर्श नागरिक बनने का अवसर मिलता है। मानस गान से गांव में एकता व शांति की भावना जागृत होती है। मजार चौक के जर्जर मंच को नये बनवाने की घोषणा किया। इस अवसर पर सरपंच खिलेश मारकंडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, उपसरपंच राकेश साहू, सुरेन्द्र बंछोर, अशोक यादव, दिलीप बंछोर, कृष्ण कुमार साहू, संजय यादव, योगेश चंदेल, नारायण ठाकुर, चुरामन यादव, त्रिभुवन यदु, लल्लु यदु, गुडडु ठाकुर, विष्णु वर्मा, सरफराज, झम्मन यदु सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## एसआईआर के सत्यापन के लिए डुंडेरा में शिविर लगाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद पूर्व में आयोजित एसआईआर के दौरान तैयार की गई निर्वाचक नामावली में दिए गए नामों के बीच विसंगतियां पाई गई है जिसमें डुंडेरा-जोरातराई के लगभग 1500 मतदाताओं को नोटिस मिला है और मतदाताओं को निर्वाचक नामावली में नाम बनाये रखने के लिए विभिन्न दस्तावेजों के साथ रिसाली स्थित दशहरा मैदान में सत्यापन के लिए बुलाया गया है। डुंडेरा-जोरातराई में अधिक संख्या में मतदाताओं को नोटिस मिलने पर नगर निगम रिसाली व भिलाई के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने डुंडेरा व जोरतराई के मतदाताओं के नोटिस पर सुनवाई व सत्यापन के लिए डुंडेरा में ही शिविर लगाने की मांग कलेक्टर दुर्ग से की है। पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने कहा कि ग्राम डुंडेरा व जोरातराई के बूथों से 1500 से ज्यादा मतदाताओं को नोटिस मिला है और उन्हें सुनवाई और सत्यापन के लिए रिसाली में आयोजित शिविर में जाना पड़ रहा है साथ ही निर्धारित तिथि में पहुचने पर भी मतदाताओं का सत्यापन नही हो पा रहा है। मतदाताओं को निर्वाचक नियमावली में अपना नाम बनाये रखने कड़ी मशक्कत के सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की समस्या व अधिक संख्या में नोटिस होने के कारण दोनों ग्रामों के लिए शिविर डुंडेरा में आयोजित करने की मांग की गई है ताकि मतदाताओं को सहूलियत मिल सके। इस दौरान ईश्वर साहू, मोनू तिवारी, योगेश फेकर उपस्थित थे।

■ 1500 से ज्यादा मतदाताओं को मिली नोटिस

## दिल्लीवार कूर्मि समाज का वार्षिक अधिवेशन 7 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज (छत्तीसगढ़) का 56 वाँ वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन सर्किल जंजगिरी में 7 एवं 8 फरवरी को ग्राम - देवरी (ख), जिला-बालोद में होगा। उद्घाटन 7 फरवरी शनिवार को सुबह 8:00 बजे होगा। मुख्य अतिथि ओ.पी. चौधरी राजस्व एवं वित्त मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन होंगे। अध्यक्षता योगेन्द्र बेलचंदन प्रदेश समाज अध्यक्ष, दि. कू. क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि टंकराम वर्मा उच्च शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन होंगे। विशिष्ट अतिथिगण भोजराज नाग सांसद, कांकेर लोकसभा, विजय बघेल सांसद, दुर्ग लोकसभा, ललित चंद्राकर उपाध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग प्राधि. छ.ग. शासन, प्रीतपाल बेलचंदन अध्यक्ष, जि.सह. के. मर्या. बैंक, दुर्ग, चेमन देशमुख जिलाध्यक्ष, भा.ज.पा. जिला-बालोद, श्रीमती तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर अध्यक्ष, जिला पंचायत, बालोद, पुरुषोत्तम चंद्राकर अध्यक्ष, जनपद पंचायत गुण्डरदेही, बालोद होंगे।

समापन पर 8 फरवरी को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता योगेन्द्र बेलचंदन प्रदेश समाज अध्यक्ष, दि. कू. क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ करेंगे। विशिष्ट अतिथिगण कुंवर सिंह निषाद विधायक, गुण्डरदेही रीना डोमन देशमुख जनपद सदस्य, गुण्डरदेही, देवेन्द्र कुमार देशमुख पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत, दुर्ग, कुसुम प्रमोद देशमुख सरपंच, ग्रा.पं. देवरी (ख) होंगे। अधिवेशन संयोजक ललित देशमुख महामंत्री, दि. कू. क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ हैं।



### कलश यात्रा के साथ होगा शुभारंभ

उद्घाटन समारोह शनिवार, 7 फरवरी को सुबह 7 से 8 बजे मैराथन का आयोजन किया गया है। युवा समिति द्वारा सुबह 8 बजे कलश शोभा यात्रा - ग्राम गली भ्रमण, देव पूजन, सुबह 10 बजे ध्वजारोहण, कूर्मि ध्वजगान एवं पुरुधाओं के तैलचित्र पर माल्यार्पण सुबह 10.20 बजे मौन श्रद्धांजलि, 10.50 बजे केन्द्रीय महामंत्री द्वारा प्रतिवेदन, प्रातः 11.00 बजे केन्द्रीय कोषाध्यक्ष अध्यक्ष द्वारा वार्षिक आय-व्यय का विवरण, प्रातः 11.10 बजे अंकेक्षक द्वारा आडिट प्रतिवेदन, प्रातः 11.20 बजे मंचस्थ अतिथियों द्वारा मार्गदर्शन, प्रातः 11.40 बजे सर्किल समिति एवं नगर ईकाइयों का वार्षिक प्रतिवेदन (निर्धारित प्रपत्र अनुसार), दोपहर 12.40 बजे युवा समिति द्वारा कार्यक्रम होगा। खुला अधिवेशन, शाम 06.00 बजे आयोजक सर्किल द्वारा सर्किल सम्मान कार्यक्रम, पश्चात उद्घाटन कार्यक्रम का समापन की घोषणा की जाएगी। रात्रि 09.30 बजे से दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। समापन समारोह रविवार, 8 फरवरी को प्रातः 9 बजे पुरुधाओं का माल्यार्पण पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ होगा। प्रातः 10 बजे केन्द्रीय महिला समिति द्वारा कार्यक्रम, प्रातः 11 बजे खुला अधिवेशन में आए विचार, सुझावों का निर्णय व निराकरण होगा। दोपहर 12.30 बजे प्रतिभा सम्मान एवं सामाजिक सेवा सम्मान होगा। शाम 05.30 बजे आयोजित सर्किल द्वारा आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा

### आदर्श विवाह व कबड्डी प्रतियोगिता 6 फरवरी को

अधिवेशन में शुक्रवार, 6 फरवरी को केन्द्रीय महिला समिति द्वारा आदर्श विवाह एवं पुनर्विवाह देवरी (ख), सर्किल जंजगिरी में व केन्द्रीय युवा समिति द्वारा युवा खेल महोत्सव दिल्लीवार प्रो कबड्डी का आयोजन होगा। 7 एवं 8 फरवरी को अधिवेशन स्थल पर सामाजिक महिला स्व-सहायता समूह द्वारा घरेलू सामाग्रियों से बने उत्पाद की प्रदर्शनी एवं रक्तदान शिविर भी लगाए जाएंगे।

## निधन

### बुद्धवंती बाई साहू



**सेलूद।** ग्राम सोरम निवासी बुद्धवंती बाई साहू ( 85) का निधन हो गया। वे सेवक राम साहू व ग्राम ढौर निवासी ओम बाई साहू की मां, साहू समाज के पूर्व स्थानीय अध्यक्ष रामलाल की सासु माँ व कमल नारायण साहू की नानी थी। उनका अंतिम संस्कार गाँव के मुक्ति धाम में किया गया।

## निःशुल्क शिविर में योगासन की दी जानकारी



**सेलूद।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय मर्रा के तत्वाधान में पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 27 से 31 जनवरी तक ग्राम घुमा के प्राथमिक शाला प्रांगण में किया गया। इस योग शिविर में स्कूल के बच्चों सहित ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। योग प्रशिक्षण शिविर का प्रारंभ 27 जनवरी को भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना से हुआ। योग प्रशिक्षण शिविर में प्रतिदिन चना, गुड़ एवं आयुर्वेदिक काढ़ा का वितरण किया गया। योग प्रशिक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा बहुत ही सरल तरीके से योग अभ्यास कराया गया। इस शिविर में डॉक्टर अनिता साहू आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शासकीय आयुर्वेद औषधालय मर्रा ने योग के संबंध में जानकारी प्रदान की। शिविर में रितु केतु साहू फार्मासिस्ट दीपक यादव औषधालय सेवक एवं सावित्री वर्मा ने अपना सहयोग प्रदान किया गया। इस शिविर में कुल 150 हितग्रहियों ने लाभ लिया।



### लोगों को रामायण से जोड़ने कर रहे प्रयास

**सेलूद।** सेलूद में सुबह सुबह प्रभातफेरी के आयोजन विगत 41 दिन पूर्व से हुआ। जिसमें त्रिदिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता के साथ समापन हुआ। सभी ने अपनी कला, क्षमता के अनुरूप सहयोग करके गांव के हर गलियों को भक्तिमय राममय बना दिया। कौशल बनपेला ने जानकारी दी कि आगामी 11 अप्रैल से 14 अप्रैल को पुनः सेलूद में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ और शिव पुराण की कथा का आयोजन होने जा रहा है जिसमे पुनः प्राभातफेरी का आयोजन किया जाएगा।

**!! न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग 04 (छ.ग.)!!**

मामला क्रमांक / 202511104100039/अ-21/2024-25

**// उद्घोषणा पत्र //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि माननीय अनुविभागीय अधिकारी (रा) दुर्ग के माध्यम से पत्रक्रमांक- 6872 दिनांक 30.10.2025 के अनुसार आवेदक नरेन्द्र कुमार निषाद पिता जगदीश राम निषाद निवासी - ग्राम नगपुरा तह. व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदक पेश किया है कि आवेदक एवं अन्य 03 (दुलारी बाई, अमरीका व चन्द्रिका तीनों पिता जगदीश) के संयुक्त नाम स्वामित्व में ग्राम नगपुरा प.ह.नं. 02/03, रा.नि.मं. दुर्ग-2, तह० व जिला दुर्ग में कृषि भूमि है। जिसका खसरा नंबर 47 रकबा 0.1300 हेक्टे. एवं खसरा नंबर 1669 रकबा 0.2100 हेक्टे. इस प्रकार कुल खसरा-02, कुल रकबा 0.3400 हेक्टे, है। जो कि पूर्व में शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि थी। चूंकि उक्त भूमि 50 वर्ष से अधिक पूर्व से शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि में कास्त काबिज हैं व कास्तकारी करते आ रहे हैं एवं वर्तमान में उक्त भूमि पर मुझे शासन के नियमानुसार छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 158 (3) ख के तहत् भूमिस्वामी अधिकार प्राप्त हो चुका है। मुझे गृह निर्माण हेतु एवं कर्ज के चलते आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण पैसों की अत्यंत आवश्यकता है। चूंकि आवेदक के पास और कोई अन्य साधन नहीं है इसलिए उक्त भूमि को विक्रय करना चाहता है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी अधिकार प्रमाण पत्र एवं विक्रय हेतु अनुमति प्राप्त करने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 20/02/2026 तक स्वयं अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया। आज दिनांक 19/11/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)




### सामाजिक भवन का हुआ लोकार्पण

# कलश यात्रा निकालकर मनाया मां परमेश्वरी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



मां परमेश्वरी महोत्सव एवं देवांगन सामुदायिक भवन का लोकार्पण आदर्श ग्राम कौही में 30 जनवरी को संपन्न हुआ। आपको बता दें ग्राम इकाई देवांगन समाज कौही के तत्वावधान में आयोजित मां परमेश्वरी महोत्सव सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ मां परमेश्वरी की पूजा आरती से प्रारंभ पश्चात अतिथियों का आगमन स्वागत सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की अनुपम प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा मानस भवन चौक पर बने देवांगन भवन का लोकार्पण कर समाज को समर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधी कांग्रेस नेता आशीष वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर राम देवांगन शिक्षक ने किया। विशेष अतिथि पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, जनपद सदस्य दिनेश साहू , जनपद सदस्य रश्मि भेद प्रकाश वर्मा, ग्राम पंचायत सरपंच लीना साहू, पूर्व सरपंच मनोरमा टिकरिहा, उप सरपंच हेमलाल सोनकर, ग्राम पंचायत के पंच गण सहित देवांगन समाज के पदाधिकारी की गरिमामई उपस्थिति रही। स्वागत भाषण ठाकुर राम देवांगन ने दिया ,मंच संचालक धनेश्वर देवांगन और पुरुषोत्तम धनकर किया। अंत में अतिथियों का श्रीफल गमछा देकर सम्मानित किया गया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# दसवीं-बारहवीं प्री बोर्ड परीक्षा में 10612 विद्यार्थी उत्तीर्ण, 3164 विद्यार्थी आए प्रथम श्रेणी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दसवीं-बारहवीं प्री बोर्ड परीक्षा में इस बार अर्द्धवार्षिक परीक्षा से बेहतर प्रदर्शन जिले के विद्यार्थियों ने किया है। प्री बोर्ड में इस बार सेजस हिन्दी माध्यम बारहवीं के विद्यार्थियों ने 73 प्रतिशत रिजल्ट दिया है।

इन विद्यार्थियों ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा में 69.15 प्रतिशत रिजल्ट दिया था। दसवी की प्री बोर्ड परीक्षा में 63 प्रतिशत परिणाम आए हैं। जबकि अर्द्धवार्षिक की परीक्षा में इस कक्षा का रिजल्ट 61.39 प्रतिशत था। सेजस अंग्रेजी माध्यम में दसवीं की प्री बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत परीक्षा परिणाम मिले हैं जबकि अर्द्धवार्षिक परीक्षा में 74.32 प्रतिशत रिजल्ट आया था।

## सेजस हिन्दी माध्यम बारहवीं 73 प्रतिशत रिजल्ट और दसवीं 63 प्रतिशत

### 10 हजार 612 विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

दुर्ग जिले में प्री बोर्ड परीक्षा में दसवीं और बारहवीं में 15 हजार 841 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 10 हजार 612 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। प्रथम श्रेणी में 3 हजार 164 विद्यार्थी आए हैं। अनुतीर्ण विद्यार्थियों की संख्या 2044 रही है। अर्द्धवार्षिक परीक्षा की अपेक्षा अनुतीर्ण विद्यार्थियों की संख्या घटी है।

### सेजस हिन्दी माध्यम बारहवीं 73 प्रतिशत

सेजस हिन्दी माध्यम का रिजल्ट 73 प्रतिशत आया है। जिसमें सेजस चरोदा का सबसे अधिक 94 प्रतिशत, दाऊ श्री बृजलाल देवांगन सेजस पतोरा 91 प्रतिशत, सेजस बोरसी 88 प्रतिशत रिजल्ट दिया है। सबसे कम सेजस बेल्हारी 59 प्रतिशत, सेजस देवादा 60 प्रतिशत का रिजल्ट रहा।

### दसवीं सेजस हिन्दी माध्यम का रिजल्ट 63 प्रतिशत

दसवीं सेजस हिन्दी माध्यम का रिजल्ट 63 प्रतिशत रहा है। इस माध्यम में सबसे ज्यादा मोहरेंगा स्कूल का 81 प्रतिशत रहा। सेजस पुरैना भिलाई तीन स्कूल का 80 प्रतिशत परिणाम आया। सेलूद स्कूल का 78 प्रतिशत और रिसाली सेजस का 77 प्रतिशत रिजल्ट रहा। सबसे कम परिणाम जुनवानी स्कूल 46 प्रतिशत, बेल्हारी स्कूल 49 प्रतिशत का रहा।



### नान सेजस हिन्दी माध्यम दसवीं 64 प्रतिशत

इस माध्यम का रिजल्ट 64 प्रतिशत रहा। जिसमें सबसे ज्यादा मर्रा स्कूल 100 प्रतिशत, सेलूद 92 प्रतिशत, बटंग 90 प्रतिशत, बेलोदी 89 प्रतिशत रिजल्ट दिया है। सबसे कम रिजल्ट 45 प्रतिशत, कैंप दो भिलाई का 46 प्रतिशत, लिटिया का रिजल्ट 47 प्रतिशत, गोडपेंड्री का रिजल्ट 48 प्रतिशत रहा है।

### बारहवीं सेजस अंग्रेजी 67 प्रतिशत

बारहवीं सेजस अंग्रेजी माध्यम में 67 प्रतिशत रिज्ल्ट रहा है। जिसमें सबसे अधिक निकुम 100 प्रतिशत, देवग्रह सीतापुर 97 प्रतिशत, जामगांव एम 96 प्रतिशत, जजंगिरी 90 प्रतिशत रिजल्ट दिया है। सबसे कम रिजल्ट धमधा स्कूल 6 प्रतिशत , खम्हरिया स्कूल 48 प्रतिशत, फरीदनगर स्कूल का 52 प्रतिशत रहा है।

**दसवीं सेजस अंग्रेजी माध्यम 75 प्रतिशत:** दसवी सेजस अंग्रेजी माध्यम का रिजल्ट 75 प्रतिशत रहा है। जिसमें सबसे अधिक सेजस देवग्रह सीतापुर 100 प्रतिशत ने रिजल्ट दिया। सेजस बालाजीनगर 95 प्रतिशत, पीएम श्री सेजस बालाजीनगर 95 प्रतिशत का रिजल्ट रहा है। सबसे कम रिजल्ट नगपुरा स्कूल 43 प्रतिशत, धमधा 45 प्रतिशत और फरीदनगर स्कूल 49 प्रतिशत रहा है।

### नान सेजस में ए ग्रेड के केवल 12 स्कूल

दुर्ग जिले में नान सेजस वाले सबसे ज्यादा 131 हाईस्कूल हैं। दसवीं प्री बोर्ड परीक्षा में केवल 12 स्कूल ए ग्रेड में आए हैं। बी ग्रेड में 80 स्कूल और सी ग्रेड में 39 स्कूल हैं। ए ग्रेड में 100 से 81 प्रतिशत तक रिजल्ट वाले स्कूल हैं। बी ग्रेड में 80 प्रतिशत से 60 प्रतिशल रिजल्ट वाले स्कूलों को शामिल किया गया है। सी ग्रेड में 59 प्रतिशत से 45 प्रतिशत परीक्षा परिणाम वाले दायरे में हैं।

### बोर्ड में और करेंगे रिजल्ट बेहतर

अर्द्धवार्षिक परीक्षा के रिजल्ट के बाद प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने कार्ययोजना बनाई। जिसके हिसाब से संस्था प्रमुखों को निर्देश दिए गए। इसलिए रिजल्ट सुधरा है। वार्षिक परीक्षा के पहले प्रतिभावान और कमजोर विद्यार्थियों को अलग-अलग तैयारी करवा रहे हैं। जिससे बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट बेहतर हो सके।

**अरविंद कुमार मिश्रा,** डीईओ

## खबर संक्षेप

### गांजा बेचने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले दो थाना क्षेत्र से चार आरोपी युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि रामनगर थाना मोहन नगर जिला दुर्ग निवासी ओमेश कुमार ठाकुर,रामनगर मुक्तिधाम अमय गुप्ता के पास से पुलिस ने गांजा 1.770 किलो ग्राम जब्त किया गया। आरोपियों ने जामुल कॉलेज के पास रोड में गांजा बेच रहे थे। पुलिस टीम घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। आरोपियों के पास से 1500 और मोबाइल जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। वहीं खुर्सीपार थाना क्षेत्र से गांजा बेचने वाला दीपक देवकर को पकड़ा गया। आरोपी देवकर बस्ती चौडी चौक खुर्सीपार के पास बेच रहा था। आरोपी गांजा 1 किलो 778 ग्राम जब्त किया गया। गांजा की कीमत 85 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी के पास से वाहन, नगदी बरामद किया है। इसके अलावा जोन 2 खुर्सीपार निवासी मजीद खान को गांजे के साथ पकड़ा गया है।

### असामाजिक तत्वों पर हुई कार्रवाई

**भिलाई।** मड़ई मेला, बाजार क्षेत्रों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। इस दौरान 450 से अधिक लोहे के कड़े को जप्त किया। कार्रवाई से मड़ई मेला, बाजार, अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासन, शांति व्यवस्था बनी रही। दुर्ग पुलिस की अपील है कि आम नागरिक सार्वजनिक स्थलों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखे। पुलिस का सहयोग करें। किसी भी प्रकार की अड्डेबाजी, हथियारनुमा वस्तुएँ पहनकर घूमने भय का वातावरण बनाने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

### पावर एंड स्टील लिमिटेड प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**भिलाई।** रायपुर पावर एंड स्टील लिमिटेड, रसमड़ा द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसमड़ा में 2024-25 में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्थान द्वारा मेधावी छात्रों को 10 हजार और 8 हजार रूपये का चेक और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।

## मैत्रीबाग में रविवार को मेगा फ्लावर शो के लिए जोरशोर से चल रही तैयारी

# फ्लावर शो में रंग-रंग के फूलों की बहार के साथ रोमांचित करेंगी वन्य प्राणियों की कलाकृतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### 22 कैटेगरी में भाग लेंगे प्रतियोगी, 40 हजार प्रकृतिप्रेमी लेंगे नजारा



मैत्रीबाग में आयोजित मेगा फ्लावर शो ट्विनसिटी और अंचल के प्रकृतिप्रेमियों के लिए कई माएने में खास होगा। लोगों को विभिन्न प्रजाति के रंग बिरंगे खूबसूरत फूलों का नजारा तो देखने को मिलेगा ही,उन्हें आकर्षक वन्य प्राणियों की कलाकृतियां भी रोमांचित करेंगी। बीएसपी के उद्यानिकी विभाग द्वारा इस शो को यादगार बनाने के लिए जोरशोर से तैयारी चल रही है। पिछले तीस साल से आयोजित इस पुष्प प्रदर्शनी को देखने और बतौर प्रतिभागी लोगों में खासा इंतजार और उत्साह है।

बीएसपी नगर सेवाएं के उद्यानिकी विभाग द्वारा मैत्रीबाग में 8 फरवरी रविवार को आयोजित होने वाले प्लावर शो के लिए विभाग द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। प्रदर्शनी में हर साल तीस से चालीस हजार नजारा लेने पहुंचते हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभागीय अमला चौतरफा तैयारी में जुटा हुआ है। विभिन्न कैटेगरी में आयोजित इस पुष्प प्रदर्शनी के लिए प्रतिभागियों का पंजीयन अंतिम चरण में है वहीं पूरे मैत्रीबाग को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। प्रदर्शनी पीपल लान में लगेगी, यहां प्रतिभागियो के विभिन्न पुष्प प्रस्तुतियों के साथ साग सब्जियों, सलाद आदि के गमलों लिए भव्य पंडाल लगाया जा रहा है। बाजू में बागवानी व औषधीय पौधों आदि के करीबन सौ स्टाल लगाए जाएंगे। बीएसपी व भिलाई महिला समाज का तैयार सामानों पर स्टाल भी लगाया जाएगा। इसके लिए टैंट लगाए जा रहे हैं। मैत्रीबाग प्रभारी महाप्रबंधक डां.एनके जैन ने बताया कि रोज,कट फ्लावर, कैलेंडूला, झरवेरा, डहलिया आदि कई प्रकार के फूल विभिन्न श्रेणियो की प्रदर्शनी में दिखाई देंगे। सोलो प्रस्तुति के अलावा टाउनशिप के किचन गार्डन व बीएसपी स्कूल गार्डन आदि कैटगरीज में भी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन के लिए मैत्रीबाग के उद्यानवाटिकाओं,जू, फ्लावर कारीडोरों को संवारा गया है। जवाहर उद्यान गेट बाउंड्रीवाल में वाइट वाश और शंकर लान तथा कैंडल गार्डन को फूलों से सजाया जा रहा है। प्रदर्शनी के दौरान शाम 4 बजे विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह व सांस्कृतिक कार्यकक्रम आकर्षक होगा। मुख्य अतिथि चित्तरंजन महापात्र होंगे।

### आकर्षक होगा 22 फीट ऊंचा बारहसिंगा

फ्लावर शो में 22 फीट ऊंचा बारहसिंगा हजारों लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र होगा। विशेष बात यह है कि कलाकारों द्वारा इस तरह की कलाकृतियां हर साल की तरह फूलों से नही बल्कि ग्रीन कारपेट से बनाई जा रही हैं, ताकि इन्हें पर्यटकों के लिए स्थाई रुप से प्रदर्शित किया जा सके। ग्रीन कारपेट से भव्य बारहसिंगा के अलावा टाईगर की मोहक कलाकृति भी तैयार की जा रही है। वहीं डायनासोर,बतख और जिराफ की कलाकृतियां भी लोगों को लुभाएंगे। फ्लावर शो में कलाकार भीमा द्वारा तैयार थ्रीडी रंगोली भी प्रकृतिप्रेमियों को लुभाएगी।

# निगम कर रहा आयुष्मान वय वंदन कार्ड को अपडेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आयुष्मान वय वंदना कार्ड भारत सरकार की एक विशेष स्वास्थ्य योजना है। इस योजना के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलता है। यह कार्ड पीआईबी के अनुसार आय की परवाह किये बिना, सरकारी और निजी सूचिबद्व अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा देता है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन आयुक्तों को निर्देशित किये है, कि शहर के 70 वर्ष या उससे अधिक वरिष्ठ नागरिको का वय वंदन कार्ड अपडेट किया जाना है। जिससे सरकार द्वारा प्रदाय की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। जोन आयुक्त के मार्गदर्शन में जोन कार्यालय के कर्मचारी डोर-टू-डोर जाकर नागरिको से संपर्क रहे है, जिनका आयुष्मान वय वंदन कार्ड अपडेट नहीं हुआ है, उसे मौके पर ही किया जा रहा है। इस योजना में लगभग 2000 से अधिक मेडिकल प्रक्रियाओं के लिए मुफ्त इलाज, जिसमें सर्जरी, निदान और पुरानी बीमारियों का इलाज शामिल है। यह योजना वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षा प्रदान करती है, जिससे वे बिना किसी वित्तीय बोझ के अपना इलाज करवा सकते है।

- 70 साल वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए चिकित्सा सुविधा

नगर निगम भिलाई का शहर के सभी नागरिकों से अपील है कि घर में बड़े बुजुर्गो हो तो उनका कार्ड जरूर अपडेट कराएं। जिससे उनको सरकार द्वारा प्रदाय स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सकें। साथ ही अपने परिवार के अन्य लोगो एवं आस-पास के वरिष्ठ नागरिकों को इसकी जानकारी दें।

## भिलाई-चरोदा निगम देव बलौदा महोत्सव की तैयारी में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देवबलौदा महोत्सव को लेकर नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में बैठक हुई। जिसमें 40 वार्डो के पार्षद भी पहुंचे थे। देवबलोदा 3 वार्ड वर्तमान में स्थित है। जिसमें वार्ड 31, 32, और 33 है। कलचुरीकाल से भगवान शंकर का ऐतिहासिक मंदिर बना हुआ है। निगम भिलाई चरोदा अपने संस्था द्वारा परंपरागत रूप से मेला स्थल देवबलोदा में सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हर वर्ष करता आया है। आयोजन को बेहतर बनाने के लिए बैठक में चर्चा की गई। बैठक में महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा, उप नेताप्रतिपक्ष चंद्रप्रकाश पांडेय समेत अभियंता रवि सिन्हा, सचिव अश्वनी चंद्राकर मौजूद थे।

## भाजपा जिला भिलाई का चिंतन शिविर में जुटे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के जिला पदाधिकारियों का परिचयात्मक एवं संगठनात्मक चिंतन शिविर मध्यप्रदेश के कान्हा किसली स्थित कान्हा रिसॉर्ट में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आगामी नगर निगम भिलाई, नगर पालिक निगम भिलाई–चरोदा एवं नगर पालिका परिषद जामुल के चुनावों की रणनीति, संगठनात्मक विस्तार, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। चिंतन शिविर में भाजपा जिला भिलाई के संगठन प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी कार्यप्रणाली, अनुशासन और जमीनी कार्यकर्ताओं से जुड़ाव में निहित है। उन्होंने आगामी नगरीय निकाय चुनावों में पार्टी की नीतियों, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह चिंतन शिविर संगठनात्मक समन्वय, नेतृत्व विकास और चुनावी तैयारियों को नई दिशा देने वाला सिद्ध होगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से एकजुट होकर संगठनात्मक दायित्वों के निर्वहन एवं जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य करने का आग्रह किया। चिंतन शिविर के दौरान जिला पदाधिकारियों का परिचय सत्र भी आयोजित किया गया तथा संगठन की आगामी कार्ययोजना, प्रचार-प्रसार, जनसंपर्क अभियान एवं बूथ सशक्तिकरण पर ठोस रणनीति तैयार की गई। यह चिंतन शिविर भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं चुनावी दृष्टिकोण से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

- नगरीय निकाय चुनाव व संगठनात्मक मजबूती पर हुआ मंथन

इस अवसर जिला पदाधिकारी में महामंत्री द्वय मनीष अग्रवाल एवं सुषमा जेठानी, उपाध्यक्ष गण त्रिलोचन सिंह, गोपाल कृष्ण वर्मा, चन्ना केशवलु, पूनम शुक्ला एवं चंद्रकांता मांडले, मंत्रीगण मनोज तिवारी, पारस जंघेल, रश्मि सिंह एवं भारती साहू, जिला प्रवक्ता द्वय प्रेमलाल साहू एवं विजय सिंह, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, सहकोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन, सोशल मीडिया सह प्रभारी द्वय रवि कश्यप एवं ज्ञान दास मानिकपुरी, आईटी सेल प्रभारी विजय सिंह चौहान, आईटी सेल्स प्रभारी सुभाष शर्मा एवं नरेश यादव उपस्थित थे।

## भिलाई स्टील हाफ मैराथन में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



शहीद वीर नारायण सिंह जयंती स्टेडियम में 8 फरवरी को भिलाई स्टील – हाफ मैराथन के लिए सुबह 6 बजे से फ्लैग-ऑफ निर्धारित है। इसमें बड़ी संख्या में धावक भाग लेंगे। प्रतिभागियों के लिए पंजीयन की अंतिम तारीख 5 फरवरी है।पंजीकरण आधिकारिक पोर्टल https://www.bhilaisteelhalfmarathon.com के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है।

विजेताओं को नगद पुरस्कार राशि विभिन्न वर्गों में प्रदान की जाएगी। 21.09 किलोमीटर की हाफ मैराथन ओपन श्रेणी में पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए 18–45 वर्ष तथा 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त 10 किलोमीटर एवं 5 किलोमीटर दौड़ पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए समान आयु वर्गों में आयोजित होगी। न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है। मैराथन फॉरेस्ट एवेन्यू, जवाहर उद्यान चौक, बोरिया गेट चौक, पावर हाउस स्टेशन चौक, सुपेला चौक, सेक्टर-9 हॉस्पिटल चौक, तालपुरी चौक से गुजरेगी। सभी दौड़ पुनः जयंती स्टेडियम में समाप्त होंगी।

सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए भिलाई पुलिस एवं यातायात विभाग के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। दौड़ प्रारंभ होने से एक घंटे पूर्व मार्ग की बैरिकेडिंग एवं क्लियरेंस सुनिश्चित की जाएगी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र सामूहिक रूप से सभी नागरिकों, धावकों और युवाओं से आह्वान करता है कि वे 8 फरवरी 2026 को भिलाई की सड़कों को साहस, संकल्प और स्वास्थ्य के उत्सव में परिवर्तित करें। आइए, भिलाई एक साथ दौड़ें स्वास्थ्य के लिए, समाज के लिए और गौरव के लिए। आज ही पंजीकरण करें। गर्व के साथ दौड़ें। भिलाई के लिए दौड़ें।

## बजट से कर्मियों में निराशा, 18 माह का महंगाई भत्ता तक जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में रेलवे कर्मियों को कोई लाभ नहीं मिल पाया है। इसे लेकर कर्मियों ने निराशा चाई हुई है। इसके कारण कर्मियों में असंतोष फैल रहा है। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेंस महासचिव डॉ. एम. राघवैया ने उक्ताश की बातें कहीं है। उन्होंने बताया कि एक दशक में भारतीय रेल में नई परिसंपत्तियों का बड़े पैमाने पर निर्माण हुआ है। 19 हजार किलोमीटर नई रेल लाइनें, पूरे रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण, नए टीआरडी एसेट्स, सग्निलिंग यूनट्सि, कोच मेंटेनेंस सुविधाएं आदि विकसित की गई हैं। इन परिसंपत्तियों के रख-रखाव एवं सुरक्षित संचालन के लिए नए पदों का सृजन नहीं किया गया। श्री राघवैया ने कहा कि वित्त मंत्रालय द्वारा नए पदों के सृजन पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण सुरक्षा से जुड़े आवश्यक पदों को भी स्वीकृति नहीं दी गई।

- नए पदों का सृजन तक नहीं

एनएफआईआर ने रेलवे में सुरक्षा से जुड़े कार्यों के प्रति केंद्र सरकार के उदासीन रवैये पर गहरी चिंता और असंतोष व्यक्त किया है। जनवरी 2020 से जून 2021 तक की 18 माह की महंगाई भत्ता राशि अब तक केंद्र सरकार के कर्मचारियों को जारी नहीं की गई है। पेंशनरों को भी महंगाई राहत का भुगतान नहीं किया गया है। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस महासचिव लक्ष्मी नारायण पीतांबर, रायपुर मंडल के संयुक्त महासचिव डी विजय कुमार, मंडल समन्वयक बीडी प्रसाद समेत रेलवे नेताओं ने चर्चा किया।

## बजट पर चर्चा | सत्र में शामिल हुआ भिलाई चेम्बर का प्रतिनिधिमंडल

# चेंबर व सीए के सदस्यों ने किया संसद भवन में बजट सत्र सुना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केंद्र सरकार के बजट सत्र को लेकर भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश सतीश थोरानी के निर्देशन में और महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचा। बजट सत्र के दौरान चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल सदन में मौजूद रहा। भसीन ने बताया कि चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण मिला। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने वित्तमंत्री से कहा कि छत्तीसगढ़ को जो आपने महत्वपूर्ण खनिज प्रोसेसिंग और उपकरणों पर कस्टम ड्यूटी में छूट दी है उसका हम स्वागत करते है इससे घरेलू उत्पादन और प्रसंस्करण बढ़ेगे। साथ ही सरकार ने ऐसे कई खनिजों को राष्ट्रीय रणनीति के तहत महत्व दिया है ताकि आपूर्ति सशक्त हो, आयात निर्भरता कम हो और घरेलू उद्योग मजबूत बने, जो स्वागत योग्य है। संसद भवन में दुर्ग सांसद विजय बघेल ने चेम्बर टीम व सीए टीम को संसद भवन भ्रमण करवाया। प्रतिनिधिमंडल में चेम्बर के शंकर सचदेव,सुनील मिश्रा,सरमद इमाम व सीए टीम से सीए राजेश बाफना ,राहुल बत्रा,प्रदीप पाल, प्रतीक अग्रवाल आदि शामिल थे।

### किसान, युवा, महिला और उद्योग साथ मिलकर बनेगा विकसित भारत



**दुर्ग।** कैट दुर्ग इकाई के अध्यक्ष प्रकाश सांखला ने केंद्रीय बजट को लेकर कहा कि व्यापार और उद्योग के लिए भरोसेमंद बजट एवं बजट में एमएसएमई सेक्टर के लिए 10,000 करोड़ रुपये का ग्रोथ फंड और माइक्रो एंटरप्राइजेज के लिए 2,000 करोड़ रुपये का अलग फंड छोटे व्यापारियों और उद्योगों के लिए जीवनरेखा साबित होगा। उन्होंने कहा कि ट्रेड्स प्लेटफॉर्म को अनिवार्य करना व्यापारियों की लिक्विडिटी समस्या को दूर करेगा और भुगतान प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाएगा। 7 नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा से व्यापारिक आवाजाही तेज़ होगी, लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और टियर-2 व टियर-3 शहरों को नए अवसर मिलेंगे। स्वावलंबी भारत अभियान छत्तीसगढ़ प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे, महामंत्री प्रकाश गोलछा, चेयरमैन पवन बड़जात्या, एमएसएमई प्रभारी मोहम्मद अली हिरानी, युवा इकाई अध्यक्ष रवि केवलतानी, आशीष खंडेलवाल, महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन एवं गूंजा पींचा ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने वाला बजट है।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



02 नित्यानंद प्रभु अवतरण तिथि पर भक्ति महोत्सव, हुआ विग्रहों का महाभिषेक

लाइव इवेंट

## आईडीए के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ, पूर्व अध्यक्ष डॉ. फातिमा ने सौंपी जिम्मेदारी



**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई ब्रांच के 2026-27 की वार्षिक बैठक की गई। इस दौरान नई समिति की स्थापना कर नए सत्र का रोडमैप तैयार किया गया। बैठक के दौरान एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ दीप्ति राठौर, सचिव डॉक्टर सायली कुरैशी, उपाध्यक्ष डॉ दीक्षाली इंदुरकर और डॉक्टर सविता कब्डवाल को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में सहसचिव डॉ नावेद खान, सहायक सचिव डॉ साकेत बन्छोर, कन्वेनर डेंटल एडुकेशन डॉ स्मिता श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष डॉ आस्था श्रीवास्तव, कन्वेनर डेंटल हेल्थ डॉ रजत जैन, रिप्रेजेंटेटिव केंद्र डॉ सुयोग जैन, रिप्रेजेंटेटिव राज्य डॉ श्रेणिक नाहटा, एडिटर ऑफ जनरल डॉ रिया जैन को जिम्मेंदारी दी गई।

■ इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई ब्रांच के 2026- 27 का रोडमैप तैयार

इस कार्यक्रम में हेलिओन सेनसोडाईन की ओर से अन्नु का विशेष रुप से उपस्थित रही। 2025 की अध्यक्ष डॉ फातिमा खान ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए अपनी जिम्मेंदारी नई कार्यकारिणी को सौंपी। डॉ शाहीन हमदानी ने 2025 में किए गए विभिन्न अकादमिक और सांस्कृतिक आयोजनों का ब्यौरा दिया, डॉ आस्था ने 2025 का बजट प्रस्तुत किया। डॉ नेहा जाजू ने मंच संचालन किया। डॉ सायली 2026 के समिति के सदस्यों का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ लिऊ रुंगटा डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर डॉ कार्तिक कृष्णन, डॉ मंजू यादव, डॉ विपिन अरोरा, डॉ हर्षवर्धन, डॉ दीपक जैन, डॉ समीर बर्डिया, डॉ प्रणव जैन, डॉ हितेश टावरी सहित कई सीनियर और जूनियर डेंटिस्ट्स उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन में पूर्व अध्यक्ष डॉ फ़ातिमा खान ने नई कार्यकारिणी समिति को आईडीए की शपथ दिलाई। नई समिती ने भी विगत वर्षों की तरह संगठन को सशक्त बनाने का और उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लिया।



लाइव इवेंट

## मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन आज की पीढ़ी के लिए आदर्श



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा वार्ड 2 ग्राम हथखोज में ग्राम विकास समिति हथखोज के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता के पहले दिन का उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता प्रेम लाल साहू उपस्थित रहे। ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा माता सरस्वती और भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत का गई। इस अवसर पर प्रेम लाल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आचरण ग्रंथ है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन आज की पीढ़ी के लिए आदर्श है। ऐसे आयोजनों से समाज में संस्कार, सद्भाव और नैतिक मूल्यों का विस्तार होता है।

■ दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ

उन्होंने ग्राम विकास समिति हथखोज को इस पुनीत आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। युवा पीढ़ी को धार्मिक आस्था से जोड़ने, हिंदुत्व की रक्षा व मजबूती के लिए ऐसे आयोजन बहुत जरूरी है

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा सस्वर रामायण पाठ करते हुए शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने भावविभोर होकर सराहा। प्रथम दिवस के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ग्राम विकास समिति हथखोज के पदाधिकारियों ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में क्षेत्र के प्रतिभागी रामायण गान की प्रस्तुति कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया गया।

● जिला स्तरीय वार्षिक सम्मेलन ग्राम पोटिया कला खेल मैदान में आयोजित किया गया

# निषादराज गुहा के आदर्शों पर चलकर एकता बनाए रखने और प्रगतिशील बनने दिया संदेश, निकाली गई कलश यात्रा, बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज दुर्ग जिला स्तरीय वार्षिक सम्मेलन ग्राम पोटिया कला खेल मैदान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जो पूरे गांव के सभी चौक चौराहो का भ्रमण करते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, महिलाएं और बड़ी संख्या में समाजिक जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।मेधावी और प्रतिभावानों को सम्मानित किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने निषादराज गुहा के आदर्शों पर चलकर एकता बनाए रखने के साथ ही प्रगतिशील बनने का संदेश दिया है। शिक्षा, राजनीतिक भागीदारी और सामाजिक सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करने सभी को प्रोत्साहित किया गया।



**भिलाई।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, गुडरण्देही विधायक छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नेहरू निषाद, पूर्व विधायक अरुण वोरा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद, भाजपा सह संयोजक मछुआ प्रकोष्ठ आनंद निषाद उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत राम, सीता, लक्ष्मण और महाराजा गुहा निषाद राज नत्था केवट की मूर्ति पर पूजा अर्चना के साथ की गई। मंच संचालन वीरू निषाद और विष्णु निषाद ने किया।

वार्षिक सम्मेलन की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इस दौरान समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी गई। सम्मेलन में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, खेल, कला साहित्य में उत्कृष्ट बच्चों को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ घनश्याम निषाद ने समाज में एकजुट होकर काम करने को कहा। साथ ही महिलाओं, युवाओं और कार्यक्रम में आए हुए सभी सामाजिक और राजनीतिक पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए समाज के मूल समस्याओं और मांगों से अतिथियों को अवगत कराया।

### सामाजिक भवन के लिए 50 लाख की घोषणा

कार्यक्रम के दौरान केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने केंवट निषाद समाज की गौरवशाली गाथा का बखान करते हुए भगवान राम को वनवास प्रस्थान के समय गंगा पार कराने वाला समाज बताते हुए श्रीराम का सबसे प्रिय सखा बताया। साथ ही शिक्षा के द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण का संदेश दिया। उन्होंने जिला निषाद समाज की मांग का प्रतिवेदन पर पोटिया कला में सामाजिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की।





### निषादराज गुहा के आदर्शों पर चलकर समाज में बनाएं एकता

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने समाज को एकजुटता, जागरूकता और प्रगतिशील बनने का संदेश दिया है। उन्होंने समाज के लोगों से शिक्षा, राजनीतिक भागीदारी और सामाजिक सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करने और निषादराज गुहा के आदर्शों पर चलकर एकता बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि देश और प्रदेश की सरकार आरक्षण को खत्म करना चाहती है। दिल्ली, बंगाल और ओडिशा में निषाद समाज को आरक्षण मिल रहा है तो छत्तीसगढ़ में क्यों नहीं उन्होंने निषाद समाज को संगठित करने और उन्हें अपने वोट के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए उन्होंने गंगाजल की सौगंध लेकर संघर्ष करने की बात कही है। कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नेहरू निषाद सह संयोजक मछुआ प्रकोष्ठ आनंद निषाद राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद ने भी समाज को संबोधित किया।



### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर बुधारु राम निषाद, खिलवान निषाद, ओमप्रकाश निषाद, संतोष जलतारे, सलिक राम निषाद, राम अधीन निषाद, देव नाथ निषाद, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष विष्णु निषाद, शिवकुमार निषाद ,रामचंद्र निषाद, हिन्छा राम निषाद, नारायण निषाद, राजकुमार निषाद, चोवा राम निषाद, मनहरण निषाद, मनोहर निषाद, अशोक निषाद, थानेश्वर निषाद, राम सुख सपे, टोपा राम निषाद महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद, सुमन निषाद, हेमलता निषाद, युवा प्रकोष्ठ जिला एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा बिरेंद्र कुमार निषाद, सियाराम निषाद भीम सिंह निषाद, जोगेंद्र निषाद, विनोद निषाद, खुमान निषाद सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## गहिरा मंडई में अहीर नृत्य मंडली ने जीता प्रथम पुरस्कार, दोहा और दफड़ा वादन का भी आयोजन





**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज के केन्द्रीय कार्यालय राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण महादेव घाट रायपुरा में माघी पूर्णिमा पर आयोजित गहिरा-मंडई में दुर्ग की अहीर नृत्य मंडली बैगापारा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम को 16 हजार रुपए का नकद पुरस्कार और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। दूसरे स्थान पर सरगम राऊत नाच दल ग्राम जरवाये को 11 हजार रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। गहिरा-मंडई की शुरुआत विधि विधान से मंडी के देवी मड़ई की पूजा अर्चना कर श्रीफल, चूड़ी पाट, साड़ी भेंटकर की गई। आयोजन में तीसरे स्थान पर नोई बांस गित मंडली को 9 हजार, चौथे स्थान पर जय बजरंग अखाड़ा पार्टी कपसदा कुम्हारी को 7 हजार और पांचवें स्थान पर आने वाली टीम कृष्णा भगवान मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट को 5 हजार का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। समाज के वरिष्ठ समाज सेवियों को सर्वश्रेष्ठ दोहा, सर्वश्रेष्ठ दफड़ा वादन, सर्वश्रेष्ठ बैंजो, सर्वश्रेष्ठ मोहरी वादन, सर्व श्रेष्ठ दमऊ वादन, सर्व श्रेष्ठ झुन झूना वादन, सर्व श्रेष्ठ को तेंदुसार लठ चालक को 501 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल सुनील सोनी, महापौर मिनल चौबे को आमंत्रित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम में नहीं पहुंचने पर उन्होंने खेद व्यक्त किया। छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष यादव को 7वां वर्ष आयोजित सफल गहिरा-मंडई मेला के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गहिरा गुरु राजेश यादव, उमराव यादव, मनीष यादव, मिथलेश यादव, जितेन्द्र यादव, रोमनाथ यादव, कन्हैया यादव, चतुर यादव, जगेश, बहूरे, सतिश, यश, चूननू, जंतराम, द्वारका, गया राम सहित अन्य मौजूद थे।

## 31 कृषि महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने किया अपनी कला का प्रदर्शन

**भिलाई।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में मंडई का चार दिवसीय अन्तर्महाविद्यालय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के 31कृषि महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। साथ ही 25 से अधिक विधाओं में भारती कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। जिसमें स्किट, भाषण, वाद-विवाद, चित्रकारी, पोस्टर मेकिंग, मिट्टी कला, रंगोली, मेहंदी, एलोकेशन, एक्सटेम्पोर, लोक नृत्य, एकल गीतगायन जैसी प्रतियोगिताएं प्रमुख रुप से ओोयजित की गई। विद्यार्थियों ने रंग बिरंगी छटा बिखेर अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बारामासी छत्तीसगढ़ी गीत में लोकनृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का मादर की थाप के साथ चित्रण शानदार रहा। कार्यक्रम के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वेस्टर्न वोकल सोलो गायन में महाविद्यालय की श्रेयाखांडेकर को प्रथम और एक्सटेम्पोर स्पीच में प्रेरणा तिवारी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।



विश्व कैंसर दिवसः हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है कि यह विशेष दिन

कार्नर न्यूज

## बढ़ती उम्र, धूम्रपान और अस्वस्थ जीवनशैली कैंसर का बड़ा कारण शरीर में होने वाले छोटे बदलाव को लेकर अलर्ट रहना जरूरी

भिलाई। हर साल 4 फरवरी को मनाया जाने वाला विश्व कैंसर दिवस यह संदेश देता है कि कैंसर से डरने के बजाय समय पर पहचान और जांच पर जोर देना जरूरी है। विशेषज्ञों का कहना है कि कैंसर कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, लेकिन देर से पहचान होने पर यह जानलेवा बन सकता है। समाज में जागरुकता की कमी आज भी कैंसर से होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण बनी हुई है।

दुनिया भर में यूरोलॉजिकल कैंसर जिनमें प्रोस्टेट, ब्लैडर और किडनी कैंसर शामिल हैं। तेजी से बढ़ रहे हैं। ग्लोबल कैंसर डेटा के अनुसार वर्ष 2022 में विश्व स्तर पर प्रोस्टेट कैंसर के करीब 14.6 लाख, ब्लैडर कैंसर के 6.14 लाख और किडनी कैंसर के लगभग 4.34 लाख नए मामले दर्ज किए गए। विशेषज्ञ मानते हैं कि बढ़ती उम्र, धूम्रपान और अस्वस्थ जीवनशैली इसके प्रमुख कारण हैं। भारत में भी कैंसर का खतरा लगातार बढ़ रहा है। नेशनल कैंसर रजिस्ट्री के अनुसार वर्ष 2022 में देश में 14.6 लाख से अधिक नए कैंसर मरीज सामने आए। इनमें प्रोस्टेट कैंसर के करीब 38 हजार नए मामले दर्ज किए गए, जबकि ब्लैडर और किडनी कैंसर के मामलों में भी हर साल वृद्धि हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार पुरुषों में समय पर जांच की कमी इस बढ़ोतरी का बड़ा कारण है।



### ब्लैडर, किडनी और प्रोस्टेट कैंसर के शुरुआती लक्षण एक जैसे



यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारुका का कहना है कि ब्लैडर, किडनी और प्रोस्टेट तीनों कैंसरों के शुरुआती लक्षण अक्सर एक जैसे हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि पेशाब में खून आना, पेशाब करने में परेशानी, धार कमजोर होना, बार-बार पेशाब आना या बिना वजह कमर और हड्डियों में दर्द होना गंभीर संकेत हो सकते हैं। डॉ. दारुका के अनुसार, पेशाब में खून आना कभी भी सामान्य नहीं होता और ऐसी स्थिति में तुरंत विशेषज्ञ से जांच कराना चाहिए। विशेष रूप से यह भी बताया कि प्रोस्टेट कैंसर 50 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषों में ज्यादा पाया जाता है, लेकिन समय पर पीएसए टेस्ट और नियमित यूरोलॉजिकल जांच से इसे शुरुआती स्टेज में पकड़ा जा सकता है। शुरुआती अवस्था में पहचान होने पर प्रोस्टेट कैंसर का इलाज पूरी तरह संभव है और मरीज सामान्य जीवन जी सकता है।

### एडवॉन्स तकनीकों से आज इलाज संभव



कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अनुशील वासनिक के अनुसार आधुनिक मेडिकल तकनीक, सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी और एडवांस्ड कैंसर ट्रीटमेंट की वजह से आज कैंसर के मरीज पहले से बेहतर और लंबा जीवन जी पा रहे हैं। हालांकि इलाज की सफलता पूरी तरह इस बात पर निर्भर करती है कि बीमारी किस स्टेज पर पकड़ी गई है। ब्लैडर, प्रोस्टेट और किडनी कैंसर की जांच व इलाज की अत्याधुनिक सुविधाएं दुर्ग में भी उपलब्ध हैं, जहां अनुभवी डॉक्टरों की टीम आधुनिक तकनीक और व्यक्तिगत देखभाल के साथ मरीजों का उपचार कर रही है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल इलाज ही नहीं, बल्कि समाज को कैंसर के प्रति जागरूक करना भी है।

### एडवाइजरी : शरीर में होने वाले बदलवों को नजर अंदाज न करें

चिकित्सकों ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस का संदेश साफ है शरीर में होने वाले किसी भी असामान्य बदलाव को नजरअंदाज न करें। खासकर पेशाब में खून, पेशाब से जुड़ी परेशानी या लगातार दर्द जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। समय पर जांच ही कैंसर से बचाव और जीवन रक्षा का सबसे भरोसेमंद उपाय है। इसलिए शरीर में होने वाले छोटे-बड़े बदलाव को नजरअंदाज न करें। तत्काल इसे लेकर चिकित्सकीय परामर्श लें, जांच कराएंगे। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में विशेषज्ञ डॉक्टरों की इलाज लें। ताकि समय रहते ऐसे गंभीर बीमारियों से बचा जा सके।

## सिटी इवेंट

# पुरैना में हुआ दो दिवसीय सांस्कृतिक लोककला महोत्सव, जुटे कलाकार



**भिलाई।** पुरैना में दो दिवसीय सांस्कृतिक लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को बखूबी कलाकारों ने मंच प्रस्तुत किया किया। सामूहिक नृत्य, राउत नाचा, पंथी नृत्य, सुआ, गायन, कविता, नाटक इत्यादि ने दर्शकों के मन को मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। विशेष अतिथि के रूप में आचार्य हरीश, रामकुमार साहू शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक लक्ष्मण राव व बसंत दास मानिकपुरी थे। आयोजन राधारानी महिला समूह, दीप महिला समिति, सेवा स्व सहायता समूह, आरती स्व सहायता समूह, दुर्गा स्व सहायता समूह, नेहा स्व सहायता समूह के संयुक्त तत्वावधान में पुरैना भिलाई-3 में संपन्न हुआ।

## इवेंट लाइव

# पं. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की मनाई गई जयंती, किया कविता का वाचन



**भिलाई।** नवीन शासकीय महाविद्यालय नगपुरा दुर्ग में पं. सूर्य कांत त्रिपाठी निराला का जन्मदिवस बंसंत पंचमी के रूप में मनाते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उनकी कविताओं का वाचन किया। इस दौरान बसंत पंचमी मनाई गई। ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पू जा - अ च र्ना महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ढालेश कुमार पटेल और प्राध्यापकों के द्वारा की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओ के द्वारा सरस्वती वंदना के गीत प्रस्तुत किए गये और बसंत पंचमी के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के डॉ सीमा अंचल ने पं. सूर्य कांत त्रिपाठी निराला के द्वारा रचित कविता का पाठन करते हुए बताया कि पं निराला को बसंत ऋतु बहुत प्रिय था, इसलिए वे बसंत पंचमी के दिन ही अपना जन्मदिन मनाते थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यालिन स्टाफ राजन सिंह सहित सभी शैक्षणिक स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एजुकेशन इवेंट

# छात्र-छात्रों ने पक्षी अभयारण्य का ग्रामीणों के जीवन में महत्व को जाना



**भिलाई।** खालसा कॉलेज दुर्ग के बीएड प्रशिक्षणार्थियों ने ग्राम गिधवा बेमेतरा में एक दिवसीय सामुदायिक शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीण सर्वे, स्वच्छता रैली और परिसर को झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। दूसरे पहर में विद्यार्थियों ने गिधवा, नागदा एवं परसदा के पक्षी विहार का भ्रमण कर प्रवासी पक्षियों के आवास, तापमान, भोजन और प्रवसन के कारणों को नजदीक से समझा। समूह में बटकर विद्यार्थियों ने ग्राम सर्वे किया और पक्षी अभ्यारण का ग्रामीणों के जीवन में महत्व को जाना। इंटरप्रिटेशन सेंटर द्वारा विद्यार्थियों ने पक्षियों के विषय में विस्तृत जानकारी पीपीटी एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से प्राप्त की। सामुदायिक शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुनीता बोकड़े के निर्देशन और गतिविधी प्रभारी प्राध्यापक ललिता परमार, डॉ. मनीषा वर्मा के मार्गदर्शन में कॉलेज की प्राध्यापक दिव्या सिंह, योगेश देवांगन की उपस्थिति में संचालित हुआ। कॉलेज के डायरेक्टर सरदार हरमीत सिंह भाटिया और गुलबीर सिंह भाटिया ने सामुदायिक शिविर को विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद बताया।

# ललित बने अग्रवाल समाज दुर्ग के अध्यक्ष

**दुर्ग।** अग्रवाल समाज दुर्ग की आमसभा अग्रसेन भवन में संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से ललित सक्सेरिया नए अध्यक्ष चुने गये। अग्रवाल समाज दुर्ग के संरक्षक विजय अग्रवाल ने उनका नाम प्रस्तावित किया, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में समर्थन दिया। ललित सक्सेरिया अग्रवाल समाज में महासचिव, कोषाध्यक्ष के रूप में कई वर्षों से सक्रिय रहे हैं।



सक्सेरिया ने कहा कि वह समाज की भावनाओं के अनुरूप कार्य करते हुए समाज को प्रगति के शिखर पर ले जाने हेतु सतत प्रयासरत रहूंगा। आगामी सप्ताह में अपनी पूरी कार्यकारिणी के गठन की बात भी उन्होंने कही। पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल एवं सभी संरक्षकगण ने भगवान अग्रसेन की पूजा अर्चना कर बैठक की शुरुआत की। गौरी शंकर अग्रवाल ने अपने कार्यकाल के सभी सेवाभावी कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यकारिणी एवं समाज के सभी सदस्यों का आभार माना। कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में वर्ष भर में समाज के सभी दिवंगत आत्माओं को 2 मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कमल नारायण रुंगटा, महेंद्र सक्सेरिया, सत्य प्रकाश बंसल, संजय रुंगटा, सुधीर अग्रवाल, कैलाश रुंगटा, जयदेव सिंघल, घनश्याम अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, विमल सक्सेरिया सहित अन्य मौजूद थे।


● 55 साल पुराना गणेश मंदिर भक्तों के दान और युवाओं के श्रमदान से ले रहा आकार

# आस्था के एक-एक रुपए तैयार हुआ माता लक्ष्मी, गणपति और काशी विश्वेश्वरा का मंदिर, आज बन चुका खुर्सीपार की पहचान

**भिलाई। करीब 55 साल पहले एक छोटे से स्वरूप में स्थापित मंदिर आज जनसहयोग और श्रद्धालुओं की एकजुटता से भव्य मंदिर के रूप में सामने आया है। वर्षों से क्षेत्र की आस्था का केंद्र रहा यह मंदिर अब नए स्वरूप, विस्तृत परिसर और आकर्षक निर्माण शैली के साथ श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण बन गया है। हम बात कर रहे हैं खुर्सीपार वार्ड 46 स्थित श्री लक्ष्मी गणपति-काशी विश्वेश्वरा आलयम मंदिर की, जिसे लोग गणेश मंदिर के नाम से जानते हैं।1970 में केनाल रोड के पास कई लोग निवासरत थे। वहां लोगों ने एक छोटा सा ढांचा बनाते हुए गणेश मूर्ति की स्थापना की। लोग एक, दो और पांच रुपए की चंदा इकट्ठा कर गणेश जी की पूजा अर्चना करने लगे। 1970 को केनाल रोड के पास निवासरत लोगों को बीएसपी के आवास निर्माण के कारण वहां से हटा दिया गया। वहां से बेदखल के बाद लोग वर्तमान वार्ड 46 खुर्सीपार में परिवार सहित रहने आ गए और साथ में वहां स्थापित मंदिर के मूर्ति को भी अपने साथ लेकर आए। जन सहयोग से यहां गणेश मंदिर की स्थापना की गई।**



### भक्तों के दान और युवाओं के श्रमदान से बना भव्य मंदिर



स्थानीय लोगों के अनुसार, यह मंदिर पहले सीमित जगह और छोटे ढांचे में संचालित होता था, लेकिन समय के साथ श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई। इसके बाद मंदिर के विस्तार और पुनर्निर्माण की आवश्यकता महसूस की गई। इसी उद्देश्य से स्थानीय निवासी और भक्तों ने मिलकर जनसहयोग अभियान शुरू किया, जिसमें लोगों ने अपनी क्षमता अनुसार दान, श्रमदान और सहयोग प्रदान किया। मंदिर समिति ने बताया कि निर्माण कार्य में पारदर्शिता बनाए रखते हुए सभी सहयोगकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई। इस दौरान क्षेत्र के कई युवाओं ने भी श्रमदान कर मंदिर निर्माण में अहम भूमिका निभाई।

### शिव स्थापना के दौरान हुआ नामकरण



मंदिर के संरक्षक कोटेश्वर राव और अध्यक्ष बी. नागभूषण रेड्डी ने बताया कि मंदिर का यह नया रूप अब केवल पूजा-अर्चना का केंद्र नहीं रहा, बल्कि समाज की एकता और सामूहिक प्रयास की मिसाल बन चुका है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि गणेश मंदिर में शिव मंदिर की स्थापना के दौरान विधिवत पूजा-अनुष्ठान संपन्न हुआ। इसी अवसर पर पंडितों द्वारा मंदिर का नामकरण भी किया गया। नामकरण के बाद गणेश मंदिर को श्री लक्ष्मी गणपति-काशी विश्वेश्वरा आलयम मंदिर नाम दिया गया। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, यहां सालभर धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होते रहते हैं। इन आयोजनों में आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। मंदिर परिसर में नियमित पूजा, विशेष पर्व आयोजन, आरती और धार्मिक अनुष्ठानों के चलते माहौल भक्तिमय बना रहता है।

### दानदाताओं के सहयोग से स्थापित हुई मूर्तियां



मंदिर समिति के अनुसार मंदिर में स्थापित प्रतिमाएं विभिन्न दानदाताओं द्वारा समर्पित की गई हैं। गणेश मूर्ति राजा राव द्वारा, शंकर जी की मूर्ति पूर्व मंत्री बदरूद्दीन कुरैशी द्वारा, शिवलिंग वाय उमापति द्वारा प्रदान की गई। वहीं हनुमान जी की विशाल प्रतिमा स्व. पी. माधव राव की स्मृति में उनकी पत्नी अन्नपूर्णा एवं परिवार द्वारा भेंट की गई। समिति ने बताया कि जनसहयोग से मंदिर का निर्माण व सौंदर्यीकरण किया गया है। मंदिर परिसर के साथ-साथ दीवारों पर सुंदर कलाकारी भी कराई गई है, जिससे मंदिर का स्वरूप और अधिक आकर्षक हो गया है।

### पूर्वजों की आस्था को आगे बढ़ाने का संकल्प



मंदिर के विकास और विस्तार को लेकर पार्षद के जगदीश कुमार ने कहा कि बचपन से ही उनके मन में यह संकल्प था कि इस मंदिर को एक दिन भव्य बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवावस्था में पहुंचने के बाद वे लगातार मंदिर निर्माण और विकास में सहयोग करते रहे हैं। पार्षद ने कहा कि वर्तमान में जनप्रतिनिधि होने के नाते वे मंदिर के लिए हर संभव सहयोग करने को तत्पर रहते हैं। उनका कहना है कि यह मंदिर उनके पूर्वजों द्वारा स्थापित किया गया था और इसे आने वाले समय में और भी भव्य स्वरूप दिया जाएगा।

## भक्तिभाव...

# नित्यानंद प्रभु अवतरण तिथि पर भक्ति महोत्सव, हुआ विग्रहों का महाभिषेक



**भिलाई।** भिलाई के सेक्टर-6 स्थित अक्षय पात्र प्रांगण में हरे कृष्ण मूवमेंट द्वारा श्री नित्यानंद त्रयोदशी का भव्य आयोजन किया गया। यह तिथि भगवान श्री नित्यानंद प्रभु के अवतरण दिवस के रूप में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है।

कार्यक्रम में बताया गया कि परम भगवान श्री कृष्ण ने कलियुग में पश्चिम बंगाल स्थित नवद्वीप धाम में श्री चैतन्य महाप्रभु के रूप में अवतार लेकर हरि-नाम संकीर्तन महायज्ञ का सूत्रपात किया। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए बलराम स्वयं श्री नित्यानंद प्रभु के रूप में प्रकट हुए और उन्होंने बंगाल के प्रत्येक गांव में जाकर भगवान के पवित्र नाम का प्रचार किया।



आयोजकों के अनुसार श्री नित्यानंद प्रभु का अवतरण एकचक्रा ग्राम वर्तमान में बीरभूम जिला, पश्चिम बंगाल में पद्मावती एवं हडाई पंडित के पुत्र के रूप में सन 1474 में हुआ था। उनका जन्म माघ मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को हुआ था।

### भव्य अभिषेक और विशेष अनुष्ठान

इस पावन अवसर पर भगवान के विग्रहों का भव्य अभिषेक किया गया। अभिषेक के अंतर्गत विग्रहों को इत्र एवं सुगंधित द्रव्यों से स्नान कराया गया, तत्पश्चात चंदन लेप किया गया। इसके बाद पंचगव्य शहद, दूध, घी, दही एवं इत्र मिश्रण से स्नान कराया गया। आगे क्रमशः सर्व-औषधि स्नान, 108 कलश स्नान तथा फल-पुष्प स्नान संपन्न कराया गया। व्योमपाद दास, अध्यक्ष, हरे कृष्ण मंदिर भिलाई ने बताया कि अभिषेक के पश्चात भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु और श्री नित्यानंद प्रभु की दिव्य पालकी उत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव के समापन पर सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

## सरस्वती शिशु मंदिर, जामुल का वार्षिक स्नेह सम्मेलन

# वार्षिक स्नेह सम्मेलन में दिखी प्रतिभा, बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

**भिलाई।** सन्दीपनि बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर, जामुल का वार्षिक स्नेह सम्मेलन लीला चौक, जामुल में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सतीश साहू विधायक प्रतिनिधि अहिवारा थे। अध्यक्षता ईश्वर सिंह ठाकुर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जामुल ने की।



कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में दिलेश्वर सह विभाग कार्यवाह दुर्ग विभाग, हरिश्चन्द्र साहू विभाग समन्वयक दुर्ग) उपस्थित रहे। वहीं मनीष बुजसिया अध्यक्ष सान्दीपनि बाल कल्याण समिति जामुल), प्रशांत गुप्ता मंडल अध्यक्ष भाजपा जामुल, चंद्रकांत मांडले सहित विद्यालय के सचिव यशवंत सिंह ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिशु भारती के भैया-बहनों गुलशन यादव, वेदप्रकाश ठाकुर, धनेंद्र सोनगढ़, नम्रता साहू एवं रुपाली सिन्हा ने पुष्पहार से अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि सतीश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर एक ऐसी संस्था है जहां शिक्षा के साथ संस्कार, ज्ञान, चरित्र और भारतीयता का निर्माण किया जाता है। यहां से भैया-बहन सच्चे राष्ट्रभक्त के रूप में तैयार होते हैं। उन्होंने नगरवासियों से आग्रह किया कि वे बच्चों को ऐसे विद्यालय में प्रवेश दिलाएं। ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि शिशु मंदिर में नर्सरी कक्षा से ही संस्कृत शिक्षा प्रदान की जाती है, जो हमारी पौराणिक पहचान है। उन्होंने बताया कि देशभर में शिशु मंदिर की लगभग 30 हजार शाखाएं संचालित हैं और यह संस्था अपनी अलग पहचान रखती है। दिलेश्वर उमरे ने समाज में पांच परिवर्तन की आवश्यकता बताते हुए कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, समरसता और पर्यावरण जैसे विषयों पर विचार रखे। विद्यालय की प्रस्तावना सचिव यशवंत सिंह ठाकुर द्वारा प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर प्रथम और द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यार्थियों ने वार्षिक स्नेह सम्मेलन में शारीरिक प्रदर्शन, योग, प्रेरणादाई नाटक, छत्तीसगढ़ राज्यगीत, वंदेमातरम्, कर्मा, ददरिया, कथक, पंथी नृत्य, लोकनृत्य, राउत नाच, बारहमासी गीत, बस्तरिया गीत, भांगड़ा सहित अनेक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन पारसमणी शर्मा, नम्रता साहू, आशा ठाकुर, कृष्णा वर्मा, अनुराधा शर्मा द्वारा किया गया।

## कुरुद में श्रीमद् भागवत कथा बह रही बयार वामन अवतार की लीला का हुआ वर्णन

# श्रीमद् भागवत कथा में बह रही भक्ति की धारा, वामन देव ने लिया अवतार, त्याग, समर्पण और विनम्रता का बताया महत्व

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** भिलाई के कुरुद क्षेत्र में एक फरवरी से श्रीमद् भागवत कथा को आयोजन किया गया है। जहां भक्ति की अविरल धारा बह रही है। कथा को दौरान भागवताचार्य पं. ऋषभ देव उपाध्याय के द्वारा कथा का रसपान भक्तों को कराया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन भगवान विष्णु के वामन देव अवतार की कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। कथावाचक ने श्रद्धालुओं को त्याग, समर्पण और विनम्रता का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति भगवान के प्रति पूर्ण समर्पण भाव रखता है, वही सच्चे अर्थों में भक्त कहलाता है। कथा को सुनने क्षेत्र के लोगों सहित कांकेर, जगदलपुर और जमशेदपुर से लोग पहुंच रहे हैं। हर दिन सैकड़ों लोग शिव शक्तिधाम पीठ में स्थित पांडाल में बैठकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। कोहका में ओयजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिन मंगलवार को कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और धर्ममय वातावरण में भागवत कथा का श्रवण किया।





### तीन पग भूमि मांगकर राजा के अहंकार का किया नाश

कथावाचक पं. ऋषभ देव महाराज ने तीसरे दिन भगवान विष्णु के वामन देव अवतार की कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि वामन अवतार के माध्यम से भगवान ने अहंकार पर धर्म और भक्ति की विजय का संदेश दिया। महाराज ने कहा कि राजा बलि अत्यंत दानी और पराक्रमी थे, लेकिन जब उनमें अहंकार उत्पन्न हुआ, तब भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण कर उनसे तीन पग भूमि का वरदान मांगा। कथावाचक ने बताया कि पहले पग में भगवान वामन ने संपूर्ण पृथ्वी, दूसरे पग में आकाश और स्वर्ग लोक को नाप लिया। तीसरे पग के लिए जब कोई स्थान नहीं बचा, तब राजा बलि ने अपना शीश भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया। इस प्रसंग के माध्यम से ऋषभ देव महाराज ने श्रद्धालुओं को त्याग, समर्पण और विनम्रता का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति भगवान के प्रति पूर्ण समर्पण भाव रखता है, वही सच्चे अर्थों में भक्त कहलाता है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो गया और श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। कथा के समापन पर आरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### भक्तों ने लिया वामन अवतार का आशीर्वाद

कथा के दौरान भगवान के वामन अवतार की झांकी निकाली गई। वामन अवतार के रूप में जब प्रभू भक्तों के बीच पहुंचे तो भक्त उनके दर्शन पाने के लिए भाव विभोर गए। उन्होंने इच्छा शक्ति से वामन अवतार को दान दिया और चरण छूकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान वामन अवतार के ऊपर पुष्प वर्षा भी भक्तों के द्वारा की गई।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# 57 साल के मार्क 8वीं बार बनेंगे पिता, बीवी है 31 साल छोटी

अमेरिकन सिंगर मार्क एंथोनी के घर बच्चे की किलकारी गूंजने वाली है। वो खुद 57 साल के हैं और उनकी बीवी नादिया फरेरा 26 साल की हैं। वो अपने दूसरे बच्चे को



जन्म देंगी और मार्क का ये 8वां बच्चा होगा। दोनों ने अपनी तीसरी वेडिंग एनिवर्सिरी पर ये गुड न्यूज दी है।
हॉलीवुड के फेमस सिंगर मार्क एंथोनी के घर फिर से बच्चे की किलकारी गूंजने वाली है। 57 साल की उम्र में वो जल्द ही अपने 8वें बच्चे के पिता बनेंगे। उनकी 26 साल की बीवी नादिया फरेरा प्रेग्नेंट हैं। दोनों ने अपनी तीसरी वेडिंग एनिवर्सिरी पर प्रेग्नेंसी का ऐलान किया और खुशखबरी सुनाई। ये इन दोनों का दूसरा बच्चा होगा। मार्क एंथोनी और नादिया फरेरा ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की। इसमें वो बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं। इस पर अपने अलावा उनके पति और उनके बच्चे का हाथ रखा हुआ है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'तीसरी सालगिरह मुबारक!! मार्क्विटो एक बड़ा भाई बनने जा रहा है।' इससे पहले उन्होंने 2023 में बेटे को जन्म दिया था। उनके इस पोस्ट पर फैंस के अलावा जाने-माने सेलेब्स ने प्यार बरसाया है। फुटबॉल के दिग्गज डेविड बेकहम ने भी उन्हें बधाई दी है। ये मार्क का 8वां और नादिया का दूसरा बच्चा होगा। उनका पूरा नाम मार्को एंटोनियो मुनिज है। 16 सितंबर 1968 को जन्में मार्क अमेरिकी सिंगर और एक्टर हैं, जो सबसे ज्यादा बिकने वाले साल्सा आर्टिस्ट के तौर पर जाने जाते हैं। अपने करियर में 4 ग्रैमी अवॉर्ड, 8 लैटिन ग्रेमी अवॉर्ड और 29 लो नुएस्ट्रो अवॉर्ड जीत चुके हैं। साल 2014 तक मार ने वर्ल्ड लेवल पर 12 मिलियन से ज्यादा एल्बम बेचे थे।

### टॉलीवुड

# कन्नड़ एक्टर मयूर की गिरफ्तारी पर उठे सवाल, फैंस में हलचल

कन्नड़ एक्टर मयूर पटेल अचानक सुर्खीयों में आ गए हैं। उन्हें बेंगलुरु पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर फैंस के बीच हलचल मची हुई है। बताया जाता है



कि एक्टर को गुरुवार, 29 जनवरी की सुबह ही गिरफ्तार किया था। मामला ड्रिंक एंड ड्राइव का है। एक्टर के खिलाफ होयसला पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। उनकी गाड़ी भी जब्त कर ली गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मयूर पटेल शराब के नशे में तेज रफ्तार से अपनी फॉर्च्यूनर एसयूवी भगा रहे थे। इसी दौरान सुबह उन्होंने बेंगलुरु में खड़ी एक कार में टक्कर मार दी। इस कारण पीछे से आ रही कई गाड़ियां भी डोमलूर में कमांडो हॉस्पिटल के पास आपस में टकरा गईं। क्षतिग्रस्त हुई गाड़ियों में एक सरकारी वाहन भी शामिल है।
रिपोर्ट में कहा गया है कि क्षतिग्रस्त गाड़ियों का पता एक्टर की कार से लगाया गया। दुर्घटना के बाद दो कार मालिकों, श्रीनिवास और अभिषेक ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद, होयसला पुलिस स्टेशन के कर्मियों ने मयूर पटेल को हिरासत में ले लिया और उनका मेडिकल टेस्ट करवाया। मेडिकल जांच में कथित तौर पर यह पुष्टि हुई है कि गाड़ी चलाते वक्त एक्टर नशे में थे। जांच में पुलिस अधिकारियों ने यह भी पाया है कि दुर्घटना के समय एक्टर की कार बिना वैलिड इंश्योरेंस के थी। मयूर पटेल कन्नड़ फिल्मों के पॉपुलर एक्टर और फिल्ममेकर हैं। उन्होंने साल 2000 के दशक में एक्टिंग करियर की शुरुआत की। उन्हें साल 2003 में रिलीज फिल्म 'मणि' से पॉपुलैरिटी मिली। पिछले कुछ साल में, मयूर पटेल की रोमांटिक ड्रामा 'लव स्टोरी' (2005), एक्शन-ड्रामा 'गुन्ना' (2005), क्राइम फिल्म 'स्लम' (2013), और 'मुनिया' (2009) रिलीज हुई हैं। इनमें उनके काम को खूब सराहना मिली।

### भोजपुरी

# अंजना की 'दक्षिण भारतीय बहू' का मजेदार ट्रेलर रिलीज, फैंस बोले- धमाकेदार

भोजपुरी फिल्म स्टार अंजना सिंह की नई फिल्म ''दक्षिण भारतीय बहू' का ट्रेलर रिलीज होते ही छा गया है और फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे




हैं। साउथ इंडियन लड़की जब बहू बनकर बिहार की संस्कृति में आती है, तो क्या होता है...ऐसे कई पल ट्रेलर में हैं। भोजपुरी फिल्मों की सुपरस्टार एक्ट्रेस अंजना सिंह की नई फिल्म 'दक्षिण भारतीय बहू' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो बेहद दिलचस्प है। इस फिल्म में अंजना साउथ इंडिय बहू के किरदार में नजर आएंगी और इसकी झलक फिल्म के ट्रेलर में भी नजर आ रही है। कुछ दिन पहले फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज किया गया था, जिसने भोजपुरी लवर्स के बीच अच्छा-खासा बज़ क्रिएट कर दिया था। अंजना सिंह के फैंस भी ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, और अब यह रिलीज होते ही छा गया है। 'दक्षिण भारतीय बहू' की कहानी एक ऐसी साउथ इंडियन लड़की की कहानी है, जो साउथ इंडिया से आती है और शादी भोजपुरी परिवेश में होती है। अलग-अलग कल्चर, भाषा और रिवाजों के बीच वह खुद को कैसे ढालती है और किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, यह फिल्म में बड़ी खूबसूरती से दिखाया जाएगा। 'दक्षिण भारतीय बहू' के ट्रेलर की शुरुआत खट्टी-मीठी नोंकझोंक से होती है। यूपी का एक परिवार साउथ इंडिया में एक लड़की ब्याहने जाता है। लड़के वाले कहते हैं कि शादी यूपी वालों के रिवाज से होगी, तो साउथ इंडियन कहते हैं कि उनके रिवाज से होगी वरना उनके मेहमानों का क्या होगा।




फाइनेंशियल सर्विसेज़ और ओपन बैंकिंग प्लेटफॉर्म टिंक के हालिया डेटा से पता चला है कि जेन जी और मिलेनियल कंज्यूमर ₹एक्सेसिबल लग्ज़री₹ के ट्रेंड को आगे बढ़ा रहे हैं। खास बात यह है कि इसमें वे क्वालिटी, सस्टेनेबिलिटी और सुरक्षित, आसान खरीदारी के अनुभव को ज़्यादा अहमियत दे रहे हैं। यह स्टडी, जो यूके में सेंससवाइड द्वारा की गई थी, बताती है कि जेन जेड और मिलेनियल कंज्यूमर, जो सबसे ज़्यादा लग्ज़री सामान खरीदते हैं, अपनी पसंद में ज़्यादा सेलेक्टिव हो रहे हैं, खासकर लग्ज़री फैशन के लिए।

# चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए ऐसे करें आइब्रो को घना

चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाती है आईब्रो। ऐसे में जरूरी है कि इन्हें घना करने के लिए हमें भी कुछ तरीकों को ट्राई करना चाहिए। इन घरेलू नुस्खों में किसी तरह का कोई भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसलिए आपको कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।
घनी आईब्रो के लिए इस्तेमाल करें एलोवेरा
हेल्थ, स्किन और बालों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल घर में किया जाता है। इसके इस्तेमाल की सलाह हमारी नानी और दादी भी देती हैं। एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।



### इस तरह करें एलोवेरा इस्तेमाल

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें। फिर इसे अपनी आईब्रो (आईब्रो के लिए तेल का इस्तेमाल) में लगाकर अच्छे से मसाज करें। इसे दिन में बार अपनी आइब्रो पर लगाएं और अच्छे से मसाज करें। इसके इस्तेमाल से आइब्रो की ग्रोथ जल्दी ही बढ़ने लगेगी। आप चाहे तो एलोवेरा के साथ ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### घनी आईब्रो के लिए करें प्याज के रस का इस्तेमाल

जैसे ही घने और मजबूत बालों के लिए हम प्याज के रस का इस्तेमाल करते हैं वैसे ही हम आईब्रो (आईलैशेज के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे) के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो के बाल घने हो जाएंगे और गहरे नजर आएंगे।

### प्याज का ऐसे करें इस्तेमाल

इसके लिए पहले आपको प्याज को छिलना है फिर इसे घिसकर रस निकालना है। फिर इसे अपनी आईब्रो पर अप्लाई करना है। इसके इस्तेमाल से आपकी आइब्रो घनी हो जाएगी।हफ्तों में दिखने लगेगा असर आप इन घरेलू तरीकों का इस्तेमाल करके आइब्रो को घनी और काली बना सकती हैं। इन नुस्खों को इस्तेमाल हर स्किन टाइप पर किया जा सकता है, लेकिन फिर भी रिस्क न लें।

# संसद में इन दिनों दिख रहे सांसदों के क्लासी लुक्स



इन दिनों संसद का सत्र चल रहा है और ऐसे में हमारे सांसदों की स्टाइल उनके फैशन के ढंग को भी लोग नोटिस कर रहे हैं। सांसदों का अलग-अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। आइए नजर डालते हैं उनकी सांसदों की स्टाइल पर। लगातार निकल रही धूप के बाद आज एक बार फिर से दिल्ली के मौसम ने करवट ली। इसका असर आज देश की संसद में भी देखने को मिला। आज के दिन देश के सांसदों का स्टाइल और क्लासी लुक किसी सिलेब से कम नहीं था। कंगना रनौत, प्रिया सरोज, सुधा मूर्ति से लेकर राजनाथ सिंह और शशि थरूर जैसे नेता अपने अलग-अलग फैशन स्टाइल में संसद की बैठक में पहुंचे। स्वेटर, कोट, शॉल और स्टाइलिश जैकेट्स का चुनाव करते हुए सांसदों ने ठंड के मौसम में फैशन का बेहतरीन तड़का दिखाया। सोशल मीडिया पर इन तस्वीरों ने काफी धूम मचा रही हैं और लोगों को सांसदों के स्टाइलिश लुक्स बेहद पसंद आ रहे हैं।





**प्रिया सरोजः** प्रिया सरोज हमेशा अपने सादगी भरे अंदाज की वजह से पहचानी जाती हैं। आज वो खूबसूरत सी बेज रंग की साड़ी पहनकर संसद पहुंची। इस दौरान उन्होंने एक कंधे पर शॉल कैरी कर रखा था, जो उनके लुक को काफी अलग बना रहा था। हमेशा की तरह मिनिमल स्टाइल में प्रिया काफी प्यारी लग रही हैं।
प्रियंका गांधी ज्यादातर खादी या हैंडलूम की साड़ी पहनकर प्रियंका गांधी सुर्खियां बटोरती हैं। आज का उनका ये लुक भी काफी खास था। आज उन्होंने हरे रंग की साड़ी के साथ ब्लैक रंग का कार्डीगन पहना था। हरी साड़ी के साथ ये लॉन्ग कार्डीगन कमाल का लग रहा है।
**कंगना रनौतः** अभिनेत्री और सांसत कंगना का संसद लुक हमेशा चर्चा में रहता है। वो हमेशा बॉस लेडी अवतार में संसद पहुंचती हैं। आज भी गोल्डन बॉर्डर वाली पीच रंग की साड़ी उनपर खूब जच रही है। साड़ी लुक के साथ सिर पर हिमाचली टोपी और ब्राउन रंग का कोट उनके लुक को कमाल का बना रहा है।
**सुधा मूर्तिः** हमेशा अपने सादगी भरे अंदाज की वजह से सुधा मूर्ति चर्चा में रहती हैं। उनका आज का अंदाज भी हमेशा के जैसा ही है। उन्होंने लैवेंडर रंग की प्रिंटेड साड़ी के साथ फ्लोरल शॉल कैरी किया है। इसके साथ उन्होंने बालों में जूड़ा बनाकर गजरा लगाया है।
**शशि थरूरः** शशि थरूर का ये अंदाज लोगों को काफी अच्छा और क्लासी लग रहा है।

# नेल एक्सटेंशन हटाने के लिए आजमाएं आसान तरीके

नेल एक्सटेंशन को हटाने के लिए आप नेल फाइलर का इस्तेमाल करें। इससे आप आसानी से इन्हें निकाल सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले नेल्स को फाइल करें। अब साइड से धीरे-धीरे उन्हें हटाने की कोशिश करें। इस बात का ध्यान रखें कि इन्हें पहले गर्म पानी में हाथ डालकर नर्म कर लें, उससे आसानी से निकल जाते हैं। फिर हल्के हाथों से इन्हें बाहर निकालें। इस तरीके से आपके एक्सटेंशन निकल जाएंगे। नेल एक्सटेंशन तभी अच्छे लगते हैं जब वो शेप में रहते हैं। जब नाखून नेचुरली बढ़ने लगते हैं तो वो (नेल केयर) खराब लगने लगते हैं। ऐसे में आपको जरूरत है कि आप नेल क्लिपर्स का इस्तेमाल करें। इसके लिए सबसे पहले नाखूनों पर नेल क्लिप को लगाएं। अब धीरे-धीरे इसे हटाने की कोशिश करें। इस बात का ध्यान रखें कि सबसे पहले किनारा बाहर आए फिर बीच का नाखून निकले इससे आपका नेल आसानी से निकल जाएगा। नेल एक्सटेंशन हटाते समय अगर आपके नाखूनों में दर्द या जलन होने लगी है तो इसे तुरंत न हटाएं। जब आपने नाखून में ये दर्द कम हो जाए



इसके बाद दोबारा इसे हटाने की कोशिश करें। नेल एक्सटेंशन तभी हटाएं जब आपके नाखून पर किसी तरह की कोई चोट न लगी हो, वरना आप चाहे तो बाहर जाकर भी इसे आराम से निकलवा सकती हैं। ज्यादा खींचकर इसे निकालने की कोशिश न करें वरना नाखूनों को नुकसान हो सकता है। इन तरीकों का आपको खास ध्यान रखना है ताकि आपके नाखूनों को कोई दिक्कत न हो।

# चेहरा नहीं होगा चिपचिपा जब ऐसे करेंगी मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल

बदलते मौसम के कारण अक्सर हमारी स्किन चिपचिपी नजर आती है। लेकिन जिन लोगों की ऑयली स्किन होती है उनको हमेशा इस परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसकी वजह से ज्यादातर समय उनकी स्किन डल और बेजान दिखाई देती है। जिस भी प्रोडक्ट का वो इस्तेमाल करती हैं उसको लगाने के बाद स्किन पर और ज्यादा ऑयल आने लगता है। ऐसा तब होता है जब मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में आपको यहां बताई गई चीजों का ध्यान रखना पड़ेगा। इससे आपकी स्किन चिपचिपी नजर नहीं आएगी।
अक्सर ऐसा होता है कि मार्केट में जब कोई नया प्रोडक्ट आता है तो हमें जल्दी रहती है कि कैसे भी हम इसका इस्तेमाल करें। शायद इससे



स्किन को थोड़ा फायदा मिले। लेकिन ऐसा नहीं है। बल्कि आपको इस बात पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए कि जो भी आप प्रोडक्ट खरीदें वो ऑयल फ्री हो, मैट फिनिश हो या फिर जेल बेस्ड हो। इससे स्किन ऑयली नजर नहीं आती है। जब आप इसे ट्राई करेंगी तो स्किन पर ऑयल भी कम दिखाई देगा। इसी के साथ किसी भी लुक को अच्छे से क्रिएट कर पाएंगी। जब भी आप किसी प्रोडक्ट का इस्तेमाल पहली बार करें तो उसकी जानकारी सही तरीके से पढ़ लें। तभी इसका उपयोग स्किन पर करें।
स्किन को रखें साफ स्किन को साफ रखना बेहद जरूरी होता है। वरना स्किन पर धूल मिट्टी के कारण बैक्टीरिया का खतरा होता है। खासकर ऑयली स्किन (ऑयली स्किन केयर टिप्स) वाली महिलाओं को अपनी स्किन हमेशा साफ रखनी चाहिए। इससे स्किन में मौजूद गंदगी, ऑयल और इंप्योरिटी हट जाती है। इसके लिए आप अपनी स्किन टेक्सचर के हिसाब से क्लींजर का इस्तेमाल कर सकती हैं। वरना आप चाहे तो घर पर भी इसे रेडी कर सकती हैं।
जब भी आप अपने फेस को साफ करें तो सॉफ्ट टॉवल का इस्तेमाल करें। इससे स्किन पर रेडनेस नहीं होगी।

## कार्नर न्यूज

### वैलेंटाइन वीक से पहले कर लें जरूरी तैयारी

# आने वाला है प्यार का सप्ताह, अभी से घर पर ही कर लें स्किन केयर तो रहेगी रौनक

अगर आप भी वैलेंटाइन वीक सेलिब्रेट करते हैं तो अभी से स्किन केयर की शुरुआत कर लें, ताकि खास मौकों पर आपका चेहरा एकदम खिला-खिला दिखे। वैलेंटाइन वीक आ चुका है और इस खास मौके पर अगर आप अपनी स्किन को भी कुछ खास ट्रीटमेंट देना चाहते हैं, तो अब से ही स्किनकेयर रूटीन शुरू कर लेना चाहिए। स्किन का हेल्दी और ग्लोइंग दिखना, किसी भी खास मौके की खूबसूरती को दोगुना कर देता है। वैलेंटाइन डे पर आपकी त्वचा जब खिली-खिली और स्वस्थ होगी, तो आप पूरी तरह से आत्मविश्वास से भरे हुए नजर आएंगे। इसके लिए आपको अपनी स्किन को बाहरी और आंतरिक रूप से देखभाल की आवश्यकता है। सही स्किनकेयर प्रोडक्ट्स का चयन, हाइड्रेशन, सही डाइट, और भरपूर नींद जैसे तत्व आपकी त्वचा को निखारने में मदद करते हैं। तो क्यों न इस वैलेंटाइन वीक को स्किन केयर के साथ खास बनाएं और पाएं एक बेदाग और ग्लोइंग त्वचा।



**फेस क्लींजिंगः** चेहरे को साफ करने के लिए सबसे पहले एक अच्छा फेस क्लींजर चुनें जो आपकी त्वचा के प्रकार के हिसाब से हो। त्वचा पर जमा गंदगी, मेकअप और अतिरिक्त तेल को साफ करना जरूरी है ताकि आपकी त्वचा सांस ले सके। क्लींजर का इस्तेमाल दिन में कम से कम दो बार करें—सुबह और रात को सोने से पहले। बस ध्यान रखें कि हमेशा हल्के हाथों से चेहरा धोएं, क्योंकि तेज रगड़ने से त्वचा में जलन या सूजन हो सकती है।
**एक्सफोलिएशनः** समय-समय पर स्किन एक्सफोलिएट करना जरूरी है, खासकर अगर आप चाहते हैं कि आपकी त्वचा साफ और ग्लोइंग दिखे।एक्सफोलिएशन से डेड स्किन सेल्स हटते हैं और नए सेल्स के उत्पादन को बढ़ावा मिलता है। आप सप्ताह में 1-2 बार फेस स्क्रब या केमिकल एक्सफोलिएंट (जैसे एएचए/बीएचए) का इस्तेमाल कर सकते हैं। ध्यान रखें, बहुत अधिक एक्सफोलिएशन से त्वचा में सूखापन या जलन हो सकती है, इसलिए इसका सही संतुलन बनाएं।

मॉइस्चराइज़िंग
सही मॉइस्चराइज़र का चुनाव आपके स्किनकेयर रूटीन का अहम हिस्सा है। मॉइस्चराइज़र आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है और उसे सूखा होने से बचाता है। अगर आपकी त्वचा ड्राई है तो अधिक भारी, क्रीमी मॉइस्चराइज़र का उपयोग करें, और यदि आपकी त्वचा ऑइली है तो लाइट, जेल बेस्ड मॉइस्चराइज़र चुनें। सुबह और रात दोनों वक्त मॉइस्चराइजिंग करना न भूलें, खासकर शॉवर के बाद, जब आपकी त्वचा नमी खो देती है।

